दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

अमन लेखनी



हिन्दी में भी पुष्पा 2 ने की काफी कमाई.....

तमन्ना जिमी शेरगिल पर मर मिटी थी .....

वर्ष : 10 | अंक : 355 | लखनऊ, 08 दिसम्बर, रविवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

हमारी संस्कृति में सेवा सबसे बड़ा धर्म, अस्था और उपासना से भी ऊंचा स्थान : पीएम मोदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, अहमदाबाद में आयोजित कार्यकर्ता सुवर्ण महोत्सव को वर्चुअली संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं भगवान स्वामी नारायण को नमन करता हूं- आज 103वीं जयंती है। उन्होंने आगे कहा कि जब यूक्रेन में युद्ध बढ़ने लगा तो भारत सरकार ने तुरंत वहां फंसे भारतीयों को निकालने का फैसला किया। इसके बाद बड़ी संख्या में भारतीय पोलैंड पहुंचने लगे। लेकिन चुनौती थी कि उस युद्ध के माहौल में पोलैंड पहुंचे भारतीयों को कैसे अधिक से अधिक मदद पहुंचाई जाए।

मोदी ने आगे कहा कि उस समय मेरी इअढर के एक संत से बात हुई और मुझे लगता है रात के 12 या 1 बजे होंगे। मैंने उनसे अनुरोध किया कि बड़ी संख्या में पोलैंड पहुंच रहे भारतीयों की मदद के लिए मुझे आपके समर्थन की आवश्यकता है और मैंने देखा कि कैसे आपका संगठन रातोंरात पूरे यूरोप से बीएपीएस कार्यकताओं को एक साथ लाया। इअढर की ये ताकत, वैश्विक स्तर पर मानवता के हित में आपका योगदान बहुत सराहनीय है और इसलिए आज कार्यकर्ता सुवर्ण महोत्सव पर मैं आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इन दिनों पूरी दुनिया में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की चर्चा हो रही है। इस दिशा में आपके प्रयास भी बहुत महत्वपूर्ण हैं। आप भारत के विकास को गति देने वाले कई काम कर सकते हैं, जैसे फिट इंडिया। उन्होंने कहा कि युवा विचारों को नए अवसर देने के लिए जनवरी में 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें हमारे युवा विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए अपने विचार देंगे। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में सेवा को सबसे बड़ा धर्म माना गया है। सेवा परमो धर्मः - ये सिर्फ शब्द नहीं, ये हमारे जीवन मूल्य हैं। सेवा को श्रद्धा, आस्था और उपासना से भी ऊंचा स्थान दिया गया है।

मोदी ने कहा कि अभी कुछ महीने पहले ही अबू धाबी में भगवान स्वामीनारायण मंदिर की स्थापना की गई है। मुझे उस कार्यक्रम में शामिल होने का सौभाग्य मिला। उस घटना और उस मंदिर की पूरी दुनिया में इतनी चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा कि भारत की आध्यात्मिक विरासत को दुनिया ने देखा है। दुनिया ने भारत की सांस्कृतिक विविधता देखी है। ऐसे प्रयास दुनिया को भारत के सांस्कृतिक गौरव और मानवीय उदारता से परिचित कराते हैं। इसके लिए मैं सभी को धन्यवाद देता हूं।

प्रधानमंत्री मोदी ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर सैनिकों की वीरता की सराहना की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर शनिवार को कहा कि सैनिकों की वीरता हमें प्रेरित करती है, उनका बलिदान हमें विनम्र बनाता है और उनका समर्पण हमें सुरक्षित रखता है। सशस्त्र सेना झंडा दिवस भारत के सशस्त्र बलों के सैनिकों और भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित करने के लिए समर्पित है। यह 1949 से हर साल इस दिन मनाया जाता है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सशस्त्र सेना झंडा दिवस हमारे साहसी सैनिकों की वीरता, दृढ़ संकल्प और बलिदान को सलाम करने के लिए है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, उनकी बहादुरी हमें प्रेरित करती है, उनका बलिदान हमें विनम्र बनाता है और उनका समर्पण हमें सुरक्षित रखता है। आइये हम सशस्त्र बल झंडा दिवस कोष में योगदान भी दें।

विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए राष्ट्रपति के तौर पर कई बार ओडिशा का दौरा किया : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

बांगिरीपोसी (ओडिशा)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि उन्होंने विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए प्रोटोकॉल तोड़कर ओडिशा और अपने पैतृक जिले मयूरभंज जिले का कई बार दौरा किया है। मुर्मू राज्य की अपनी पांच दिवसीय यात्रा के अंतिम दिन यहां तीन नयी रेलवे लाइनों के अलावा एक आदिवासी अनुसंधान एवं विकास केंद्र, दंडबोस हवाई अड्डे और रायरंगपुर में उप-मंडलीय अस्पताल की आधारशिला रखने के बाद एक सभा को संबोधित कर रही थीं।

मुर्मू ने कहा, आमतौर पर राष्ट्रपति के तौर पर अपने राज्य और जिले का दौरा करने का प्रावधान नहीं है। हालांकि, मैंने प्रोटोकॉल तोड़ दिया और इस क्षेत्र के लोगों की कठिनाइयों के कारण बार-बार यहां का दौरा किया। इस क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए मैं अपनी ओर से जो भी संभव है, करती हूं। मुर्मू ने कहा कि जब वह झारखंड की राज्यपाल थीं, तब उन्होंने आदिवासी क्षेत्रों में रेलवे के विकास के लिए दबाव बनाने के वास्ते कई बार मौजूदा रेल मंत्री से मुलाकात की थी। राष्ट्रपति ने कहा, जब मैं वर्ष 2000 में ओडिशा की परिवहन मंत्री थी तो मैंने तत्कालीन रेल मंत्री से राज्य में इस क्षेत्र के विकास के लिए अनुरोध किया था। हालांकि, इस पर काम आगे नहीं बढ़ सका। अब, मैं प्रधानमंत्री और रेल मंत्री को किए जा रहे कार्यों के लिए धन्यवाद देती हूं।

मुर्मू ने कहा कि लोगों का प्यार और स्नेह उन्हें यहां तक खींच लाया है। राष्ट्रपति ने कहा, मैं यहां के लोगों, इस स्थान और इसकी आवश्यकताओं को जानती हूं। मैं अपने कार्यकाल के दौरान, जहां तक संभव होगा, इस क्षेत्र के लिए काम करती रहूंगी। राष्ट्रपति ने स्पष्ट किया कि वह किसी से कोई अनुचित अनुरोध नहीं कर रही हैं। मुर्मू ने कहा, मयूरभंज की कुछ जरूरतें हैं। यह राज्य का सबसे बड़ा जिला है। उसने (सरकार ने) इस जिले की जरूरत को समझा है। इसलिए मैं उसके सहयोग के लिए उसका आभार व्यक्त करती हूं।

मौसम

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 24.c

बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,634.72

निफ्टी 25,013.85

बदलाव के लिए शिक्षित युवाओं को राजनीति में आना चाहिए : मुख्यमंत्री आतिशी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने छात्रों से राजनीति में सक्रिय रूप से शामिल होने का आग्रह किया और सबसे बुरे किस्म के लोगों के हाथों में महत्वपूर्ण निर्णय न छोड़े जाने के प्रति आगाह किया। दिल्ली के सेंट स्टीफन कॉलेज के स्थापना दिवस समारोह में आतिशी ने उन दिनों को याद किया जब वह छात्रा थीं और बताया कि कैसे राजनीति को निकृष्ट कार्य बताकर करियर विकल्प के तौर पर खारिज कर दिया जाता था। एक बयान के अनुसार, उन्होंने कहा, दो दशक से भी ज्यादा पहले की बात है जब मैं यहां छात्रा थी। उस समय बदलाव लाने का विचार सिर्फ दान-पुण्य या सामाजिक कार्यों तक सीमित था। राजनीति तक पहुंच पाना मुश्किल था। उन्होंने बताया कि राजनीति में शामिल न होने से शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण फैसले दूसरों के हाथों में चले जाते हैं। आतिशी ने जोर देते हुए कहा, जब शिक्षित, अच्छा इरादा रखने वाले युवा राजनीति से दूर रहते हैं तो हम अपने जीवन के सबसे महत्वपूर्ण निर्णय गलत लोगों को लेने देते हैं। उन्होंने कहा, भारत का भविष्य हमारे हाथ में है। राजनीति और लोकतंत्र से जुड़ें इसमें शामिल हुए बिना हम बदलाव की उम्मीद नहीं कर सकते।

हमारा राष्ट्र और धर्म सुरक्षित है तभी हम भी सुरक्षित रहेंगे: योगी आदित्यनाथ

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 7 दिसम्बर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में एक बार फिर आक्रामक लहजा अपनाते हुए कहा जब तक हमारे धर्म सुरक्षित है, तभी तक हम भी सुरक्षित हैं। योगी यहां स्वर्वेद महामंदिर धाम में आयोजित विहंगम योग संत-समाज की स्थापना के शताब्दी समारोह महोत्सव में शामिल होने के लिये आये थे। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा, 'हर काम देश के नाम होना चाहिए, हमारा कोई व्यक्तिगत अस्तित्व नहीं है। यदि हमारा राष्ट्र सुरक्षित है, तो हमारा धर्म भी सुरक्षित रहेगा, यदि हमारा धर्म सुरक्षित है तो हम भी सुरक्षित रहेंगे। योगी आदित्यनाथ ने शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह देश गुलामी की बेड़ियों से जकड़ा हुआ था। गुलामी की बेड़ियों से मुक्त कराने के लिए अपनी आध्यात्मिक साधना के साथ-साथ सदगुरु सदाफल महाराज ने आजादी के आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लिया। योगी ने कहा, 'अकेले चुपचाप नहीं बैठ जाना है। एक कार्य पूरा हुआ तो अगले कार्य की शुरूआत कर देनी है, लेकिन हर कार्य देश के नाम, सनातन धर्म के नाम पर होना चाहिए। एक सच्चा संत देश और समाज की परिस्थितियों से हाथ पर हाथ रखकर चुपचाप बैठा नहीं रह सकता है।

इसी के साथ 13 जनवरी से प्रयागराज में प्रारम्भ होने जा रहे महाकुंभ का जिक्र करते हुए सीएम योगी ने कहा कि एक कुंभ यहां पर है, तो दूसरा महाकुंभ प्रयागराज में 13 जनवरी से प्रारंभ होने वाला है। प्रयागराज महाकुंभ को सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मान्यता दिला दी है। यही नहीं यह वर्ष हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 22 जनवरी, 2024 को 500 वर्षों का इंतजार समाप्त करते हुए अयोध्या में भव्य मंदिर में रामलला फिर से विराजमान हुए हैं।

पीएम मोदी के कार्यकाल में वाराणसी में हुए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आप देख रहे होंगे कि आज काशी एक नई काशी है। प्रधानमंत्री मोदी ने 10 वर्षों में काशी को चमका दिया है। आज काशी में नमो घाट है। देश ही नहीं दुनिया का सबसे बड़ा घाट है, जहां हेलीपैड भी है। काशी में देव मंदिरों का कायाकल्प हुआ है। इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्य- चाहे सड़क, रेल और वायु सेवा की कनेक्टिविटी हो, जो 2014 से पहले था उससे 100 गुना बेहतर अब है। अब काशी से हल्दिया के बीच जलमार्ग का उपयोग करते हुए भी अपनी यात्रा को आगे बढ़ा सकते हैं।

संक्षिप्त समाचार

मॉर्निंग वॉक पर निकले कारोबारी की गोली मारकर हत्या

अमित शाह ने दिल्ली को बर्बाद कर दिया : केजरीवाल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी में कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति के एक और मामले में, शाहदरा इलाके में एक व्यक्ति उस समय घायल हो गया जब दो लोगों ने उस पर गोली चला दी, जब वह सुबह की सैर से लौट रहा था। बाद में उनकी मृत्यु हो गई और उनकी पहचान कृष्णा नगर के 52 वर्षीय सुनील जैन के रूप में हुई। शुरूआती रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह बर्तनों का कारोबार करने वाले कारोबारी थे। क्राइम टीम को मौके पर बुलाया गया है और आगे की जांच की जा रही है। शुरूआती रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह बर्तनों का कारोबार करने वाले कारोबारी थे। क्राइम टीम को मौके पर बुलाया गया है और आगे की जांच की जा रही है। डीसीपी शाहदरा ने कहा कि फर्श बाजार थाना क्षेत्र में सुनील जैन नामक व्यक्ति को गोली लगी हुई अवस्था में पाया गया। बताया गया कि मोटरसाइकिल पर आए दो लोगों ने उसे गोली मार दी। क्राइम टीम को मौके पर बुलाया गया है. आगे की जांच जारी है। घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय राजधानी में खराब कानून-व्यवस्था की स्थिति के लिए गृह मंत्रालय की आलोचना की। केजरीवाल ने एक्स पर लिखा कि अमित शाह जी ने दिल्ली को बर्बाद कर दिया। दिल्ली को जंगल राज बना दिया। चारों तरफ लोग दहशत की ज़िंदगी जी रहे हैं। बीजेपी से अब दिल्ली की कानून व्यवस्था नहीं संभल रही। दिल्ली वालों को एकजुट होकर आवाज उठानी होगी। वहीं, मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि क्राइम कैपिटल - शाहदरा जिले में सुबह ही गोलियों की आवाज गूंज उठी जब बर्तन व्यापारी संजय जैन मॉर्निंग वॉक करके अपनी स्कूटी से घर की तरफ लौट रहे थे तभी बदमाशों ने रोक कर उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दी।

गब्बर सिंह टैक्स से और ज्यादा वसूली की तैयारी कर रही मोदी सरकार, राहुल गांधी का बड़ा आरोप

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार की टैक्स नीति को लेकर एक बार फिर से निशाना साधा है। इसको लेकर उन्होंने एक्स पर बड़ा पोस्ट लिखा है। राहुल ने दावा किया कि सरकार अब एक और नया टैक्स स्लैब लाने जा रही है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि पूंजीपतियों को छूट और आम लोगों से लूट का एक और उदाहरण देखिए। एक तरफ कॉरपोरेट टैक्स के मुकाबले इनकम टैक्स लगातार बढ़ रहा है। दूसरी तरफ मोदी सरकार गब्बर सिंह टैक्स से और ज्यादा वसूली की तैयारी कर रही है।

राहुल गांधी ने आगे लिखा कि सुनने में आ रहा है कि GST से लगातार बढ़ती वसूली के बीच सरकार एक नया टैक्स स्लैब पेश करने जा रही है - आपकी जरूरत की चीजों पर GST बढ़ाने की योजना है। उन्होंने कहा कि जरा सोचिए - अभी, शादियों का सीजन चल रहा है। लोग कब से पाई-पाई जोड़कर पैसे इकट्ठा कर रहे होंगे और सरकार इसी बीच 1500 से ऊपर के कपड़ों पर GST 12% से बढ़ाकर 18% करने जा रही है।

कांग्रेस नेता वे कहा कि यह घोर अन्याय है - अरबपतियों को टैक्स में छूट देने और उनके बड़े से बड़े कर्ज माफ करने के लिए गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की मेहनत की कमाई को टैक्स द्वारा लूटा जा रहा है। हमारी लड़ाई इसी अन्याय के खिलाफ है। आम लोगों पर पड़ रही टैक्स की मार के खिलाफ हम मजबूती से आवाज उठाएंगे और इस लूट को रोकने के लिए सरकार पर दबाव बनाएंगे।

मायावती ने बांग्लादेश में दलितों के साथ हो रही हिंसा पर सपा-कांग्रेस की चुप्पी पर कसा तंज

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में बड़ी संख्या में हिंदू अत्याचार का शिकार हो रहा है। इनमें ज्यादातर लोग दलित और कमजोर वर्ग के हैं। इसीलिये कांग्रेस पार्टी इस मामले पर चुप है और यही कारण है कि वह संभल-संभल चिल्ला रही है। मायावती ने कहा कि इस मामले में सपा हो या कांग्रेस सभी एक ही थाली के चट्टे बट्टे हैं। ऐसे में केंद्र सरकार को अपनी जिम्मेदारी को निभाना चाहिए, जिससे दलित समाज के लोगों पर अत्याचार कम हो सके।

बता दें बांग्लादेश में जब से शेख हसीना की सरकार को जबरन हटाया गया है तब से वहां अल्पसंख्यक यानी हिन्दू समुदाय के हालात खराब बने हुए हैं। यहां आए दिन उन पर हमले किए जा रहे है। ये हमले इस्कॉन संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद से ही हर रोज बढ़ते जा रहे हैं। अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ भारत में भी विरोध देखने को मिल रहा है, लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, चन्द्रशेखर रावण की आजाद समाज पार्टी सहित तमाम ऐसे दल जो मुस्लिम तुष्टिकरण की सियासत करते हैं चुप्पी साधे हुए हैं।

मायावती ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि संसद में विपक्ष देश व जनहित के मुद्दे न उठाकर अपने राजनीतिक स्वार्थ के मुद्दे उठा रहा है।

राजनाथ सिंह ने लोगों से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में योगदान देने का आह्वान किया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोगों से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में उदारतापूर्वक योगदान देने का आग्रह किया और इसे सैनिकों के कल्याण को सुनिश्चित करने की सामूहिक जिम्मेदारी बताया। सशस्त्र सेना झंडा दिवस हर साल सात दिसंबर को मनाया जाता है, ताकि सीमा पर वीरतापूर्वक लड़ने वाले शहीदों और जवानों को सम्मानित किया जा सके। सिंह ने एक्स पर एक वीडियो संदेश में कहा कि यह नागरिकों के लिए सैनिकों के अदम्य साहस, बलिदान और समर्पण को पहचानने और बहादुरों के प्रति जिम्मेदारियों को पूरा करने के संकल्प की पुष्टि करने का अवसर है।

उन्होंने कहा, हमारे सशस्त्र बल एक अभेद्य सुरक्षा कवच के रूप में कार्य करते हैं, जो हर स्थिति में हमारी रक्षा करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं - न केवल बाहरी खतरों के दौरान, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं के दौरान भी। उन्होंने कहा, हमारे सैनिकों का बलिदान और अनुशासन हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है। पूर्व सैनिकों के कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए सिंह ने कहा कि पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया और इस बात पर जोर दिया कि उनका योगदान सैनिकों और उनके परिजनों के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि समाज के कल्याण के लिए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह सौ हाथों से कमाए और हजार हाथों से दान करे।

परजीवी पार्टी बन गई है कांग्रेस, महिलाओं, युवाओं और किसानों को दिया धोखा : जेपी नड्डा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, तेलंगाना में कांग्रेस सरकार के एक साल के शासन की विफलताओं पर प्रकाश डालते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकताओं ने जनजागरण के अपने प्रयासों से कांग्रेस के विश्वासघात को उजागर किया है। उन्होंने एक सफल अभियान चलाया है। इसके लिए मैं तेलंगाना इकाई को धन्यवाद और बधाई देता हूं। उन्होंने दावा किया कि एकमात्र राजनीतिक दल जो तेलंगाना के लिए उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करेगा, जो देश के लिए उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करेगा, जिस पर लोगों को विश्वास होना चाहिए, वह भारतीय जनता पार्टी है।

नड्डा ने कहा कि मैं बताना चाहता हूं कि कांग्रेस और भाजपा के बीच अंतर यह है कि कांग्रेस सट्टा यूपीभोग में लिप्त रहती है, जबकि भाजपा सट्टा यूपीयोग के माध्यम से लोगों का कल्याण सुनिश्चित करती है। उन्होंने कहा कि हम यहां आपके विकास के लिए हैं, और वे यहां अपने स्वार्थों को पूरा करने के लिए हैं। मोदी जी को लगातार तीसरी बार सत्ता में लाना यह बताता है कि भाजपा ने देश भर में अपने प्रति किस विश्वास को विकसित किया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि कांग्रेस आज परजीवी पार्टी बन गई है और खास बात ये है कि ये (कांग्रेस पार्टी) जिसके साथ खड़ी होती है उसको भी डुबो देती है।

नड्डा ने कहा कि चाहे हिमाचल प्रदेश हो या कर्नाटक, कांग्रेस पार्टी कहीं भी अपने वादे पूरे करने में विफल रही है। उन्होंने महिलाओं, युवाओं और किसानों को धोखा दिया है। यह जानकर निराशा होती है कि ऑटो चालकों को सालाना 12,000 रुपये देने का वादा किया गया था, लेकिन यह वादा अधूरा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपनी कपटपूर्ण रणनीति के लिए कुख्यात है। यह खोखले वादे करता है, बाद में किसी भी जिम्मेदारी से इनकार कर देता है। वे अपनी जादुई चालों के लिए जाने जाते हैं, कबूतरों, अंडों या मुर्गियों को कहीं से भी बाहर निकाल लेते हैं, बाद में दावा करते हैं कि यह वादा कभी अस्तित्व में ही नहीं था। रेवंत रेड्डी बिल्कुल यही करते हैं!

उन्होंने कहा कि अगर कोई शख्स लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बना है तो वो हैं नरेंद्र मोदी। जब जवाहरलाल नेहरू प्रधानमंत्री बने तो उस समय पूरे विश्व और देश में कांग्रेस का उत्साह था, विपक्षी दल कमजोर थे, लेकिन जब नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने तो विपक्षी दल साथ थे पूरी ताकत से, लेकिन भारत की जनता ने मोदी जी का साथ दिया और इसलिए हमें कांग्रेस और भाजपा की कार्य संस्कृति के अंत को समझना होगा। नड्डा ने कहा कि 70 साल तक हमने सत्ता विरोधी लहर के बारे में सुना, सरकारें आईं और गईं लेकिन मोदी जी के आने के बाद, भारत ने सत्ता समर्थक सरकार देखी। अब जब भाजपा की सरकार आती है तो वह एक बार नहीं, कई बार जनता की सेवा करती है। यही भाजपा की संस्कृति है।

रूढ़िवादी संकीर्ण विचारों को बढ़ा रहा तालिबान, लखनऊ के इस्लामिक विद्वान खुलकर करें विरोध : डॉ. राजेश्वर सिंह

लखनऊ की पहचान न्याय और समानता से, यहां के मुस्लिम स्कॉलर तालिबान के कट्टरपंथ को करें उजागर - डॉ. राजेश्वर सिंह

हमास और ईरान के समर्थन में जुलूस और अफगान महिलाओं की पीड़ा पर मौन, लखनऊ की यह पहचान ठीक नहीं – डॉ. राजेश्वर सिंह

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। तालिबान शासन द्वारा अफगानिस्तान में महिलाओं की नर्सिंग शिक्षा पर प्रतिबंध लगाए जाने पर डॉ. राजेश्वर सिंह ने कड़ा विरोध व्यक्त किया है। डॉ. सिंह ने इस कदम को रूढ़िवादी और संकीर्ण विचारधारा को बढ़ाने वाला कदम बताया। विधायक ने लखनऊ के मुस्लिम विद्वानों से तालिबान के कट्टरपंथ को उजागर करने की अपील की है।

सरोजनीनगर विधायक ने शनिवार को सोशल मीडिया पोस्ट कर बताया कि अफगानिस्तान में महिलाओं की आबादी करीब 1.7 करोड़ है, तालिबान के शासन में महिलाओं को लगातार उच्च शिक्षा प्राप्त करने, नौकरी करने, अकेले घर से निकलने आदि बुनियादी अधिकारों से वंचित किया जाता रहा है, साथ साथ उनके विरुद्ध हिंसा में भी वृद्धि हुई है।

विधायक ने महिला समानता पर चिंता व्यक्त करते हुए आगे लिखा इन प्रतिबंधों के लिए तालिबान ने जो धार्मिक तर्क दिए हैं, वे रूढ़िवादी संकीर्ण विचारों को बढ़ावा देने वाले हैं। जिनका उद्देश्य केवल महिलाओं की स्वतंत्रता प्रतिबंधित करना है। लगातार समाचार पत्रों और सोशल मीडिया के माध्यम से अफगानिस्तान में महिलाओं के विरुद्ध अत्याचार की खबरें सामने आती रहती हैं, लेकिन इस विषय पर लखनऊ के इस्लामिक विद्वानों की चुप्पी अत्यंत दुखद, पीड़ादायक है।

डॉ. सिंह ने लखनऊ के मुस्लिम स्कॉलर्स और धर्म गुरुओं से अपील करते हुए आगे लिखा, लखनऊ का ऐतिहासिक योगदान न्याय, मानवाधिकार और समानता के लिए विख्यात रहा है, किंतु आज जब अफगान महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी अधिकारों से वंचित हैं, उनके समर्थन में लखनऊ से कोई आवाज नहीं उठ रही है।

अनेक अंतराष्ट्रीय मुद्दों को लेकर लखनऊ में हुए प्रदर्शनों का उल्लेख करते हुए डॉ. सिंह ने आगे लिखा, जहां एक ओर, आज भी लखनऊ में हमास और ईरान के आतंकी संगठनों के समर्थन में जुलूस निकलते हैं, वहीं दूसरी ओर अफगान महिलाओं की पीड़ा पर वही लोग शांत रहते हैं, यह गलत है।उचित तो ये होगा कि, लखनऊ के इस्लामिक विद्वान अफगानिस्तान में महिला अधिकारों के विरुद्ध की जा रही कट्टरपंथी और रूढ़िवादी धार्मिक व्याख्याओं को उजागर करें, सामने लाएं। अपनी बात को समाप्त करते हुए डॉ. सिंह ने अंत में लिखा अब समय है कि हम अफगान महिलाओं के समर्थन में एक साथ अपनी आवाज उठाएं, लखनऊ के मुस्लिम धर्मगुरु तालिबान के अत्याचारों और संकीर्ण व्याख्याओं के विरुद्ध खुलकर सामने आएं।

इब्राहीमपुर वार्ड द्वितीय में सीसी रोड निर्माण कार्य का शिलान्यास

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज लखनऊ, पूर्व सपा विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र मोहनलाल गंज के इब्राहिमपुर वार्ड द्वितीय में पार्षद श्रीमती मुस्कान भारती (पत्नी सुनील कुमार रावत) द्वारा ग्राम सभा पुरसेनी में हेमराज के घर से सूबेदार मिश्रा के घर तक नाली व नई सीसी रोड निर्माण कार्य का शिलान्यास किया इस मौके पर पार्षद श्रीमती मुस्कान भारती के साथ श्रीमती शान्ती यादव श्रीमती कमलेश यादव श्रीमती बबली रावत अशर्फी लाल धीमान सुरेश रावत अखिलेश यादव सर्वेश कुमार श्रवण रावत जितेन्द्र रावत सुरेन्द्र मौर्या औसान मनोज लोधी प्रमोद कुमार यादव शिवम् गुप्ता प्रदीप साहू हरिकेश शर्मा जितेन्द्र कुमार अवस्थी हरीशंकर रावत सुमिरन रावत समेत गांव के कई लोग मौजूद रहे इस सड़क निर्माण से क्षेत्र में यातायात सुगम होने के साथ ही ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

युवती से गांव के युवक ने किया दुष्कर्म, गर्भवती होने पर घरवालों के उड़े होश

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। एक गांव निवासी युवती से उसी गांव के ही युवक ने डरा-धमका कर दुष्कर्म किया। आठ माह की गर्भवती होने पर परिजनों को घटना का पता चली। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। माल थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली युवती के पिता दिव्यांग है। भाई दिन में काम पर चले जाते हैं। भाई के अनुसार कुछ माह पहले गांव के एक युवक ने उनकी बहन को डरा-धमका कर दुष्कर्म किया। आरोपी ने युवती को मुंह खोलने पर धमकी दी। डर के चलते किशोरी ने किसी को कुछ नहीं बताया। इस बीच वह गर्भवती हो गई। उसके पेट में आठ माह का गर्भ होने पर परिजनों को घटना का पता चला। परिजनों ने जब युवती से बातचीत की तो उसने अपने साथ हुई घटना के बारे में बताया। उनके भाई ने बुधवार को आरोपी के खिलाफ थाने में केस दर्ज कराया। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी को रूदानखेड़ा पुलिया के पास से गिरफ्तार किया

जरदोजी कारीगर की संदिग्ध अवस्था में मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। जरदोजी कारीगर इकरामुद्दीन (35) की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उनके सिर पर चोट थी और मुंह से खून निकल रहा था। परिजनों ने उनके एक दोस्त पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस का दावा है कि जरदोजी कारीगर की मौत अधिक शराब पीने से हुई है। मृतक के भाई शमशुद्दीन के मुताबिक शुक्रवार को दुबग्गा के छदुय्या खेड़ा में पड़ोस में मामा नासिर की बेटी का निकाह था। सभी लोग दावत में थे। रात करीब 11 बजे पुलिस से सूचना मिली कि इकरामुद्दीन जॉगर्स पार्क चौराहे के देसी शराब ठेके के पीछे सड़क किनारे अचेत पड़े हैं। पुलिस ने आधार कार्ड से पहचान की थी। ट्रॉमा में उनकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि रात आठ बजे इकरामुद्दीन एक दोस्त के साथ जॉगर्स पार्क की तरफ गए थे। उनके सिर पर चोट के निशान मिले हैं और मुंह से खून भी निकल रहा था। दोस्त पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर है। इंस्पेक्टर अभिनव कुमार वर्मा ने बताया कि इकरामुद्दीन ने काफी शराब पी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। मृतक के परिवार में पत्नी शहनाज, बेटे अयान, रिहान और बेटी जोहम है जिनका रो रो कर बुरा हाल है।

दबंग ने साथियो संग दलित महिला की जमकर की पिटाई

दी जातिसूचक गालियां किया मकान पर कब्जा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र में तीन दिन पूर्व स्थानीय दबंग ने करीब दो दर्जन साथियो संग एक मकान पर कब्जा करने के मंसूबे से मकान में रह रही दलित महिला को जातिसूचक गालियां देते हुए घर का सारा सामान सड़को पर फेक दिया और मकान पर अपना ताला लगा दिया इस दौरान महिला की जमकर पिटाई भी की। पीड़िता ने स्थानीय थाने पहुँच पुलिस से शिकायत भी की लेकिन उसकी पुलिस ने एक न सुनी जिसपर पीड़िता ने पुलिस उपायुक्त से लिखित शिकायत की है। अधिकारियो के आदेश पर कृष्णा नगर पुलिस ने दबंग समेत उसके अज्ञात साथियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहारी बाग कासिमपुर पकरी में पीड़िता सुनीता देवा पत्नी सुनील कुमार अपने छोटे बच्चो संग रहती है। पीड़िता के अनुसार उसने ये मकान विजय लक्ष्मी से आठ लाख रुपए में विक्रय किया था जिसका एग्रीमेंट उसके पास है। वर्ष 2020 में विजयलक्ष्मी की मृत्यु हो गई। उसके उस मकान पर फौजी कालोनी आजाद नगर निवासी संदीप यादव कब्जा करना चाहता है। अपने इसी मंसूबे से उसने बीते 03 नवम्बर की 10 :30 बजे अपने करीब दो दर्जन साथियो संग उसके मकान पर आया उस समय उसके पति डियूटी पर गए थे और उसके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए घर में घुस सारा सामान तोड़फोड़ कर फेकते हुए उसकी बेरहमी से बाल पकड़ कर पिटाई करने लगे और जातिसूचक गालियां देते घसीटकर घर के बाहर निकाल दिया और मकान पर अपना ताला जड़ दिए। आरोप है कि उसने स्थानीय थाने पर पहुँच मामले की शिकायत की लेकिन पुलिस ने उसकी न सुनी जिसपर पीड़िता ने पुलिस उपायुक्त दक्षिणी से लिखित शिकायत की है। डीसीपी के आदेश पर कृष्णा नगर पुलिस ने दबंग एवं उनके साथियो के खिलाफ मारपीट समेत जातिसूचक गालियां देने व धमकी के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

एडीएम ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर सुनी फरियादियों की शिकायतें

एसडीएम न्यायालय के आदेश के बाद भी किसानो की जमीनो की नही हो रही मेड़बंदी व पैमाईश, कुढा में आदेश के तीन महीने व सलेमपुर में आदेश के एक साल भी नही हो सकी जमीन की पैमाईश व मेड़बंदी

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज तहसील में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी सिविल एवं सप्लाई ज्योति गौतम ने एसडीएम बृजेश कुमार वर्मा व एसीपी रजनीश वर्मा समेत अन्य विभागो के अधिकारियो की मौजूदगी में फरियादियों की शिकायतें सुनकर निस्तारण के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी ज्योति गौतम से पहली शिकायत औसान निवासी कुबहरा करते हुये बताया उसकी कुढा गांव में स्थित कृषि योग्य भूमि की पैमाईश व मेड़बंदी किये जाने का एसडीएम न्यायालय से आदेश 5सितम्बर को हो गया था लेकिन तीन महीने से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी अब तक उसकी भूमि की पैमाईश व मेड़बंदी नही हो सकी है। दूसरी शिकायत सुखलाल निवासी सलेमपुर ने करते हुये बताया उसकी कृषि योग्य भूमि की मेड़बंदी का एसडीएम न्यायालय से 20नम्बर2023 को आदेश हो गया लेकिन एक साल से ज्यादा समय बाद भी मेड़बंदी नही हो सकी है। उसने अपनी जमीन की मेड़बंदी कराये जाने जाने के लिये कई बार सम्पूर्ण समाधान दिवसो में शिकायत भी की लेकिन अब तक मेड़बंदी नही करायी गयी। एडीएम ज्योति गौतम ने पैमाईश व मेड़बंदी की दोनो ही शिकायतो को गम्भीरता से लेते हुये एसडीएम को राजस्व की टीमो को मौके पर भेजकर कार्यवाही कराने के निर्देश दिये। तीसरी शिकायत जबरौली गांव के सूरज, हरिशंकर, साधन समेत दर्जनो ग्रामीणो ने शिकायत करते हुये बताया उनकी गांव में स्थित कृषि योग्य भूमि को प्रापर्डी डीलर पिंटू ने अपने असलहाधारी साथियो के साथ मिलकर जबरन कब्जा कर लिया है स्थानीय चौकी पुलिस से लेकर डायल-112 नम्बर पर शिकायत के बाद भी कोई कार्यवाही नही हुयी। ग्रामीणो के आरोप लगाया प्रापर्डी डीलर ने उनकी जमीनो समेत ग्राम? समाज, चकमार्ग, सरकारी नाली समेत सरकारी जमीने भी कब्जा कर ली है। एडीएम ने राजस्व व पुलिस टीमो को मौके पर भेजकर जांच के बाद कार्यवाही के निर्देश दिये। एसीपी रजनीश वर्मा से शिकायत सौरभ यादव निवासी माढरमऊ कलां ने बताया उसकी दादी सूरजवती की निगोहां गांव में कृषि योग्य भूमि है उक्त भूमि के बगल में ही प्लाटिंग का कार्य करने वाले लोगो ने बिना बताते उसकी दादी की तीन बिस्वा जमीन में लगभग तीन फिट गहरा खनन कर चोरी से मिट्टी निकाल ले गये। जानकारी होने पर निगोहां पुलिस समेत सीएम जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत भी दर्ज करायी लेकिन कोई कार्यवाही नही हुयी। एसीपी ने शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये खनन अधिकारी समेत राजस्व विभाग को जांच कर किसान के खेत से मिट्टी खनन करने वालो के विरूद्व कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिये।

यूपी के 15 जिलों में टीबी से बचाने को विशेष अभियान शुरू

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रदेश में ऐसे 15 जिले जहां पर टीबी से ज्यादा लोगों की मौत हो रहीं हैं, वह लोगों को इस रोग से बचाने के लिए शनिवार से विशेष अभियान शुरू हो गया। 100 दिवसीय विशेष कार्यक्रम में टीबी के नए रोगियों की पहचान की जाएगी।

वहीं रोगियों के संपर्क में रहने वाले लोगों की भी जांच होगी। जांच में रोग की पुष्टि होने पर उनका इलाज शुरू कराया जाएगा। वहीं रोगियों की मौत का डेथ आडिट किया जाएगा और पता लगाया जाएगा कि टीबी से ही मौत हुई है या नहीं।

15 जिलों में टीबी से बचाने को अभियान

राज्य टीबी अधिकारी डा. शैलेन्द्र भटनागर ने बताया कि इन 15 जिलों में टीबी से होने वाली मौतों की दर पिछले साल राष्ट्रीय दर 3.6 के बराबर या अधिक है। ऐसे में इन चिह्नित जिलों में ट्रेसिंग, टेस्टिंग व ट्रीटमेंट के लिए अभियान शुरू किया गया है। जिन जिलों में अभियान शुरू किया गया है उसमें अमेठी, अयोध्या, बाराबंकी, बस्ती, देवरिया, इटावा, फरुर्खाबाद, हाथरस, पीलीभीत, प्रतापगढ़, रायबरेली, रामपुर, सिद्धार्थनगर, सीतापुर और सुलतानपुर शामिल हैं।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सहित 18 विभाग व स्वयंसेवी संस्थाओं की मदद से अभियान चलेगा। टीबी मरीजों के साथ रहने वाले उनके परिवारीजनों की अब हर तीन महीने में जांच कराई जाएगी। 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग, डायबिटीज व एचआइवी से संक्रमित रोगी, धूम्रपान व नशा करने वाले व्यक्तियों की विशेष रूप से टीबी जांच होगी।

आज से शुरू होगा पल्स पोलियो अभियान

नवजात से लेकर पांच वर्ष तक की आयु के बच्चों को पोलियो से बचाने के लिए रविवार से पल्स पोलियो अभियान शुरू किया जाएगा। कुल 3.29 करोड़ बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाने के लिए 14 दिसंबर तक अभियान चलेगा। प्रदेश में पोलियो का आखिरी केस 21 अप्रैल 2010 को फिरोजाबाद में मिला था।

जेवर समेत नगदी लेकर चोर हुए फरार

अमन लेखनी समाचार

बंथरा। बंथरा क्षेत्र के लतीफ नगर में चोरों ने जेवर समेत नगदी की पार पुलिस के हाथ खाली के खाली, बताया जाता है शुक्रवार की रात्रि चोरो ने एक मकान के अंदर घुसकर नगदी समेत जेवरात उड़ा ले गए। जिसकी जानकारी पीड़ित परिवार के लोगों ने पुलिस को दी। पुलिस जानकारी लगते ही चोरों की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। क्षेत्र के लतीफ नगर के रहने वाले विकास बाजपेई ने बताया कि शुक्रवार को वह अपने मामा के घर वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए परिवार समेत गए थे। समारोह से जब वापिस घर आए तो देखा की कमरे का ताला टूटा था, नगदी व जेवरात भी गायब थे और भी सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा हुआ था। यह घटना देखकर अवाक रह गया। चोरो ने 45 हजार रु० की नगदी, दो सोने की अंगूठी, एक जोड़ी चाँदी की पायल समेत अन्य बेशकीमती सामान उठा ले गए है। वहीं इस घटना को लेकर बंथरा प्रभारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि चोरी का मामला जानकारी में आया है, कार्यवाही की जा रही है।

यूपी बैडमिंटन संघ के पूर्व सचिव बेटे समेत पॉक्सो एक्ट में दोषी

सात वर्ष कठोर कारावास और 50-50 हजार रुपये का लगा जुर्माना

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रशिक्षु महिला खिलाड़ियों का शारीरिक व मानसिक शोषण करने के मामले में पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश विजेन्द्र त्रिपाठी ने उप्र बैडमिंटन संघ के पूर्व सचिव डा. विजय सिन्हा को पांच वर्ष और उसके बेटे निशांत को सात वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। सजा के साथ ही दोनों पर 50-50 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। देश को कई बैडमिंटन खिलाड़ी देने वाले बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में प्रशिक्षुओं को डरा-धमका कर शोषण करने का यह मामला जब सात वर्ष पूर्व सामने आया तो पूरा खेल जगत शर्मसार हो गया। अकादमी के मुख्य सुरक्षा अधिकारी जंग बहादुर सिंह ने 21 फरवरी 2017 को गोमतीनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। रिपोर्ट में कहा गया था कि निशांत सिन्हा उप्र

बैडमिंटन संघ के सचिव पद पर अवैध रूप से काबिज था जबकि वास्तव में उसके पिता डा. विजय सिन्हा अकादमी में सचिव के पद पर कार्यरत थे। निशांत अपने रसूख का अनुचित फायदा उठाकर खिलाड़ियों का शारीरिक व मानसिक शोषण करता था। खिलाड़ियों को अनापत्ति प्रमाण पत्र की जरूरत होती थी तो निशांत उनसे अवैध रूप से पैसा भी लेता था।

डा. विजय अपने पुत्र का अवैध कार्यों में पूरा सहयोग करते थे। सुनवाई के दौरान न्यायालय के समक्ष बताया गया कि पूर्व में उप्र बैडमिंटन संघ में कई महिला खिलाड़ियों ने इस संबंध में शिकायत की थी। इस पर अकादमी ने जांच के लिए एक सेवानिवृत्त जिला जज की अध्यक्षता में जांच आयोग का गठन किया था। आयोग ने 23 जनवरी 2017 को अपनी रिपोर्ट दाखिल की। जांच में दोनों दोषियों के विरुद्ध की गई शिकायतें सही पाई गईं, जिसके बाद इनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। मुकदमे में अभियोजन ने नौ गवाह पेश किए। न्यायालय ने अपने निर्णय में दोनों को मारपीट कर पैसा लेने के साथ-साथ धोखाधड़ी के आरोपों से बरी कर दिया लेकिन पाक्सो एक्ट की धाराओं में दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई।

हाई कोर्ट ने बलरामपुर के बाढ़ प्रभावित गांवों में बचाव के उपायों पर मांगा जवाब

इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने बलरामपुर के बाढ़ प्रभावित सैकड़ों गांवों में किए जा रहे बचाव के उपायों के संबंध में टेक्निकल रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश जिलाधिकारी को दिया है। जिलाधिकारी ने इसके लिए दो माह का समय दिए जाने की मांग की, जिसे न्यायालय ने स्वीकार करते हुए मामले की अगली सुनवायी के लिए 13 फरवरी की तिथि नियत की है। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने स्थानीय निवासी इलाही की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर दिया। याचिका पर जवाब देते हुए जिलाधिकारी ने न्यायालय को बताया कि बाढ़ प्रभावित सभी इलाकों की पहचान करने के पश्चात चरणबद्ध तरीके से बचाव के स्थायी उपाय किए जा रहे हैं। इस पर न्यायालय ने टेक्निकल रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया।

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को लगा झटका, हाई कोर्ट ने खारिज की याचिका...

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के विरुद्ध चल रहे मुकदमे को रद्द करने की मांग में दाखिल याचिका को खारिज कर दिया है। यह आदेश जस्टिस राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ ने पवन खेड़ा की याचिका पर दिया।

निचली अदालत में भी खारिज हो गई थी याचिका

कांग्रेस नेता ने इस मामले में निचली अदालत द्वारा उनके खिलाफ आरोप तय करने को चुनौती दी थी। याचिका का विरोध करते हुए राज्य सरकार की ओर से शासकीय अधिवक्ता डॉ. वीके सिंह ने तर्क दिया कि खेड़ा ने पहले भी हाई कोर्ट में याचिका दायर कर निचली अदालत में दाखिल आरोप पत्र और समन

संबंधी आदेश को चुनौती दी थी, लेकिन वह याचिका खारिज कर दी गई थी।

खेड़ा को ट्रायल कोर्ट के सामने कार्यवाही में भाग लेना चाहिए

खेड़ा ने सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दाखिल की थी, लेकिन वहां से भी उन्हें राहत नहीं मिली थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि उनके खिलाफ अलग-अलग चल रहे मुकदमे लखनऊ की संबंधित अदालत में सुने जाएंगे। हाई कोर्ट ने शुक्रवार को याचिका पर सुनवाई के बाद पाया कि प्रश्नगत याचिका कमोबेश पहले की याचिकाओं की प्रार्थना और तथ्यों के साथ ही दाखिल की गई थी, इसलिए कोर्ट ने उसे खारिज कर दिया। साथ ही कहा कि खेड़ा को ट्रायल कोर्ट के समक्ष कार्यवाही में भाग लेना चाहिए।

2023 में पीएम मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का है मामला

बता दें कि पवन खेड़ा ने प्रधानमंत्री पर अपमानजनक टिप्पणी करते हुए उनका नाम उद्योगपति गौतम अदाणी से जोड़ा था। इसके बाद 20 फरवरी 2023 को उनके खिलाफ वाराणसी और लखनऊ में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। विवेचना के बाद लखनऊ की हजरतगंज पुलिस ने सीजेएम कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था।

दुबग्गा विस्फोट मामले में लापरवाही बरतने पर दो पुलिसकर्मी निलम्बित

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अवैध गोदाम बनाकर गैस रिफलिंग के दौरान हुई घटना का पुलिस अधिकारियों ने संज्ञान लिया। इस मामले में डीसीपी पश्चिम डॉ. ओमवीर ने शनिवार को दो पुलिस कर्मियों को निलम्बित कर दिया है। उन्होंने बताया कि बीट प्रभारी उपनिरीक्षक रामसेवक राणा और बीट आरक्षी मनोज कुमार को निलम्बित किया गया है। इन पर अवैध गतिविधियों की जानकारी न होने और लापरवाही को लेकर यह कार्रवाई हुई है। मलिहाबाद सहायक पुलिस आयुक्त अमोल मुर्कुट को प्रारम्भिक जांच के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने बताया कि ग्राम शाहपुर भमरौली में रोहित गुप्ता के मकान में शुक्रवार की शाम अवैध रूप से गैस रिफिलिंग के कारण विस्फोट होने से आग लगने के कारण घर के अन्दर काम कर रहे चार व्यक्तियों व घर से कुछ दूरी पर खड़े दो बच्चों के भी आग की चपेट में आने से गम्भीर रूप से झुलस गये थे। घटना के दौरान एकत्र हुए आस-पास के स्थानीय लोगों से रोहित गुप्ता ने चोरी छिपे अवैध रूप से गैस सिलेण्डर की रिफिलिंग का काम करने की जानकारी प्राप्त हुई थी। इस घटना में दो मासूम बच्चों समेत सात लोग झुलस गये थे।

किसान के छप्पर में लगी आग सारा सामान जलकर राख

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। किसान के खेत में फूस के बने छप्पर में अज्ञात कारणों के चलते लगी आग अनाज सहित अन्य सामान जलकर राख।

मलिहाबाद थाना क्षेत्र ग्राम हाफिज खेड़ा निवासी किसान बाबूलाल के मुताबिक वह परिवार के साथ बर्थडे पार्टी में वहीं पास गांव कुशभरी गए थे। वहां से वापस लौटते समय देखा कि खेत में बने छप्पर में किसी व्यक्ति ने आग लगा दी है, छप्पर के नीचे रखा चार बोरी धान, आटा, बर्तन, कपड़ा सहित अन्य कीमती सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित किसान ने लगी आग को काफी बुझाने का प्रयास किया परन्तु आग अपना भयंकर रूप ले चुकी

थी जिससे सारा सामान जलकर राख में तब्दील हो गया। पीड़ित ने मलीहाबाद पुलिस को तहरीर देकर यह भी आरोप लगाया है कि कुछ दिन पूर्व गांव के ही नन्दकिशोर, सचिन ने पुत्री मोनिका व पुत्र को मारा पीटा था, जिसके संबंध में थाने पर अभियोग पंजीकृत कराया था, जिसमें विपक्षीगण जबरन सुलह करने का दबाव बना रहे थे, मना करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे थे, पीड़ित ने विपक्षियों पर आग लगाने का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर उनके खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

यूपी मदरसा बोर्ड परीक्षा 2025 के लिए आवेदन शुरू

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड की मुंशी/मौलवी (सेकेंड्री फारसी एवं अरबी), आलिम (सीनियर सेकेंड्री फारसी एवं अरबी) परीक्षा-2025 के परीक्षा फार्म भरने को लेकर दिशानिर्देश जारी कर दिए गए हैं। यह दिशानिर्देश बोर्ड के रजिस्ट्रार ने सभी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को भेज दिए हैं। परीक्षा शुल्क मदरसा से परीक्षा वर्ष 2025 की गाइडलाइन जारी होने की तिथि से ट्रेजरी चालान के माध्यम से जमा किया जाएगा। शिक्षा, खेलकूद, कला एवं संस्कृति विषय का परीक्षा शुल्क 0202 लेखाशीर्षक से जमा किया जाएगा। इसके अलावा सामान्य शिक्षा का 01, प्रारंभिक शिक्षा का 101 और अरबी फारसी मदरसों का मान्यता शुल्क व अन्य शुल्क लेखाशीर्षक 10 होगा। मदरसे परीक्षार्थियों से आफलाइन आवेदन प्राप्त करके निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरांत पोर्टल के माध्यम से आनलाइन भरेंगे।

न्यूनतम आयु 14 वर्ष निर्धारित

मदरसा बोर्ड से वर्ष 2018 से 2024 के बीच परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले परीक्षार्थियों को आवंटित स्टूडेंट आइडी आनलाइन फार्म भरते समय उपलब्ध कराने पर अपना व्यक्तिगत विवरण भरने की आवश्यकता नहीं होगी। मुंशी/मौलवी (सेकेंड्री फारसी एवं अरबी) पाठ्यक्रम के लिए न्यूनतम आयु 14 वर्ष निर्धारित की गई है। राज्यानुदानित/सहायता प्राप्त मदरसों के लिए व्यक्तिगत परीक्षा फार्म भरवाने की अधिकतम संख्या 500 होगी।

दहेज के लिये बहू को प्रताड़ित करने ससुरालीजनो पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज के भदेसुवा निवासी सरिता ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया उसका विवाह 12फरवरी2020 में रामदेव निवासी सलेमपुर अचाका से विवाह हुआ था, विवाह के कुछ महीनो बाद तक तो सब ठीक रहा लेकिन उसके बाद पति रामदेव, जेठ महादेव, जेठानी व सास बदाला दहेज में पांच लाख रुपए व बुलेट बाइक की मांग करने लगी, मायके पक्ष ने ओर दहेज देने में असमर्थता दिखाती तो उक्त सभी उसका शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हुये मारपीट व गाली-गालौज करने लगे। इंस्पेक्टर अमर सिंह ने बताया पीड़िता की तहरीर पर पति समेत आरोपी ससुरालीजनो पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

संक्षेप

दो बाइकों की भिंड़त में एक की मौत, दो घायल

हसनगंज, उन्नाव। क्षेत्र के अजगैन मोहान मार्ग फरहदपुर गांव में शनिवार देर शाम सात बजे फरहद पुर गांव निवासी सीताराम सिंह 50 पुत्र स्व नंदराम बाइक से घर जा रहे थे तभी मोहान की तरह से आ रहे तेज रफ्तार शुभम 20 पुत्र संतराम निवासी बारा खेड़ा, व पीछे बैठे कुलदीप पुत्र राधे लाल बाइक की आमने सामने भिड़ंत हो गई जिसमें तीनो बाइक सवार गंभीर घायल हो गए पुलिस ने राहगीरों की सूचना पर तीनो घायलों को सीएचसी लेकर गए जहां डॉक्टर ने अधेड़ को मृत घोषित कर दिया, वही दोनों युवकों की हालत गंभीर देख ट्रामा सेन्टर रेफर कर दिया, मृतक के एक लड़का एक लड़की है जिनमें रोशन,समेत पत्नी संकुलता का रोरो कर बेहाल हो गई कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

सीडीओ की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

सफीपुर, उन्नाव। तहसील सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस 124 फरियादियों ने अपनी फरियाद लगाई मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा ने संबंधित विभागों को समय बद्ध व गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने के लिए आदेश दिया। सफीपुर तहसील सभागार मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में चल रहे सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व से जुड़े सबसे अधिक 46 मामले सामने आए वहीं पुलिस विभाग से 14 तो वहीं समाज कल्याण से जुड़े 11 मामले दर्ज किए गए तो वहीं विकास विभाग से 14 मामले दर्ज किए गए एक शिक्षा से जुड़ा एक मामला सामने आया विद्युत विभाग से 13 व पूर्ति विभाग से 9 वहीं अन्य विभाग से 16 मामले दर्ज किए गए सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी नवीन चंद्र, तहसीलदार राम शंकर, सफीपुर खण्ड विकास अधिकारी श्वेता त्रिपाठी व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में सभासद ने दिया शिकायत पत्र

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के वार्ड नंबर 9 सिद्धार्थ नगर के सभासद कृष्णा उर्फ दुल्ली ने आज संपूर्ण समाधान दिवस में एक शिकायती प्रार्थना पर देखकर हरदोई उन्नाव मुख्य मार्ग पर अस्पताल रोड के पास नाला निर्माण कार्य की शिकायत की है अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में संपन्न हुए संपूर्ण समाधान दिवस में सभासद कृष्णा उर्फ दुल्ली ने शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि वार्ड नंबर 9 सिद्धार्थ नगर में हरदोई उन्नाव मुख्य मार्ग पर अस्पताल रोड के पास नाला निर्माण कार्य चल रहा था। नाले की गहराई बहुत कम रखी गई थी तथा सड़क पर ऊंचाई से बना हुआ था, यह कार्य पिछले एक साल से अधूरा पड़ा हुआ है। जिसकी वजह से मोहल्ला सिद्धार्थ नगर में जल भराव हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस संबंध में नगर पालिका परिषद में भी कई बार सूचना दे चुके हैं लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में निरीक्षण करवा कर शीघ्र इस प्रकरण का निस्तारण किए जाने की मांग की गई है।

डीएम एसपी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जन समस्याओं एवं शिकायतों के प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु तहसील सदर, उन्नाव में आयोजित जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी गौरांग राठी व एसपी दीपक भूकर उपस्थित द्वारा जनसामान्य की समस्याएं व शिकायतें सुनीं गयीं। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सदर, उन्नाव में डीएम द्वारा राजस्व विभाग की 113, पुलिस विभाग की 28, विकास विभाग की 11, नगर पालिका विभाग की 08 सहित अन्य विभागों की 17 शिकायतों/ समस्याओं का अनुश्रवण किया गया। इस अवसर पर कुल 177 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 7 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा शिकायतों से संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक एवं समयबद्ध निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन/ आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करते समय विशेष सावधानी बरतें। संपूर्ण समाधान दिवस सदर उन्नाव के अवसर पर जिलाधिकारी ने प्रदेश में आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर समस्त अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शिकायत निस्तारण में शिकायतकर्ता का संतुष्ट होना आवश्यक है। सदर तहसील में जमीनों/प्लाटो की बार-बार बिक्री को रोकने के लिए एसडीएम स्तर से एक टीम गठित करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील परिसर में जिला कार्यक्रम विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण कैम्प, समाज कल्याण विभाग, महिला कल्याण विभाग कैंम्प एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के कैम्प लगाकर जनसमुदाय को सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा तहसील प्रशासन से संबंधित उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि समस्त विभागों से संबंधित समस्याओं का निस्तारण समयबद तरीके से किया जाए यदि कहीं पुलिस फोर्स की आवश्यकता होती है तो हमें सूचित करें, तत्काल पुलिस फोर्स उपलब्ध कराई जाएगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस में सीएमओ डा0 सत्य प्रकाश, जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार मिश्र, जिला पूर्ति अधिकारी राज बहादुर सिंह, अधिशाषी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण अजीत कुमार सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी प्रीती चन्द्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा0 नीलम सिंह, जिला विकास अधिकारी संजय पाण्डेय, जिला आबकारी अधिकारी रविशंकर, परियोजना निदेशक तेजवंत सिह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा0 महावीर सिंह, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सुनील शर्मा, उप जिलाधिकारी सदर क्षितिज द्विवेदी, उप जिलाधिकारी सदर न्यायिक प्रज्ञा पाण्डे, तहसीलदार सदर अविनाश चैधरी, क्षेत्राधिकारी सदर सोनम सिहं सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व स्थानीय कर्मचारी गण आदि उपस्थित रहे।

525 बालिकाओं से जिला अधिकारी ने किया संवाद

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज-5 के तहत महिला कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश ने ₹हक की बात जिलाधिकारी के साथ₹ कार्यक्रम का आयोजन निराला प्रेक्षागृह में किया। इस मेगा इवेंट में जिलाधिकारी गौरांग राठी ने जिले के विभिन्न स्कूलों की 525 बालिकाओं से संवाद कर उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया।कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेलकूद और सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरूक करना था। डीएम गौरांग राठी ने बालिकाओं के सवालों का जवाब देते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने और अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, ₹आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के बराबर काम कर रही हैं। उनकी मेहनत और इच्छाशक्ति ही उनकी सफलता की कुंजी है।डीएम ने बताया कि आज के डिजिटल युग में महिलाएं घर बैठे इंटरनेट के माध्यम से भी अपना करियर बना सकती हैं। उन्होंने बालिकाओं को अपने अधिकारों के लिए खड़े होने और समाज में अपनी भूमिका को मजबूती से निभाने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण और बच्चों की भलाई के लिए उत्कृष्ट योगदान देने वाली 20 महिला अधिकारियों और कर्मचारियों को जिलाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इनमें महिला कल्याण विभाग, पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के अधिकारी शामिल थे।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रेमप्रकाश मीणा, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार पाण्डेय, परियोजना निदेशक तेजवन्त सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. नीलम सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय, नगर क्षेत्राधिकारी सोनम सिंह और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्पलाइन और जिला बाल संरक्षण इकाई के कर्मचारी भी इस कार्यक्रम में शामिल थे।

खेत पर फसल की रखवाली कर रहे किसान को अज्ञात वाहन ने मारी टक्टर, मौत

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। फसल की रखवाली करने जाते समय किसान को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया आनन फानन परिजनो ने सीएचसी में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।कोतवाली क्षेत्र के नींदिंमऊ गांव निवासी किसान विनोद कुमार 45 वर्ष पुत्र मूलचंद्र शुक्रवार देर रात सैलून की दुकान बंद कर फसल की रखवाली करने के लिए खेत जा रहा था अभी यह गांव से 100 मीटर दूर लखनऊ बांगरमऊ मार्ग पर पहुंचा ही था कि अज्ञात वाहन टक्कर मारते हुए भाग निकला जानकारी पर पहुंचे परिजनों ने आनन फानन सीएचसी में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया मृतक के दो पुत्र है जिसमें विकाश 16 वर्ष आकाश 18 वर्ष अविवाहित है पति की मौत से पत्नी पूनम सहित बेटों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक खेती किसानी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। इस संबंध में कोतवाल चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हुई है शव को पीएम के लिए भेजा गया है पीएम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा परिजनों की तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

पल्स पोलियो अभियान जन जागरूकता रैली का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिलाधिकारी गौरांग राठी एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा पल्स पोलियो अभियान जन जागरूकता रैली को झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य विकास अधिकारी ने रैली की अगुवाई करते हुए रैली में प्रतिभाग करने वाले स्कूल के बच्चों, एन0सी0सी0 कैडेट एवं स्टाफ कर्मियों का उत्साह वर्धन किया। रैली में बच्चों ने प्रेरक स्लोगन लिखे सन्देष हम हैं पोलियो के सिपाही, अब न होगी पोलियो से तबाही, दो बूंद दवा पिलाओ, बच्चों की जिन्दगी खुषहाल बनाओ के नारों से जनमानस को प्रेरित किया। रैली जिला चिकित्सालय प्रांगण उन्नाव से प्रारम्भ होकर डी0एस0एन0 रोड (नॉवेल्टी गेस्ट हाउस रोड), गायत्री मंदिर होते हुये अचल प्रषिक्षण केन्द्र उन्नाव में समाप्त हुयी। रैली के समापन अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने समस्त प्रतिभागियों एवं जनमानस को प्रेरित करते हुए कहा कि 08 दिसम्बर 2024 को बूथ दिवस पर जन्म से 5 वर्श तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने में सहयोग करें तथा अभिभावकों को प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि जनपद में 5 वर्श तक के 4 लाख 66 हजार 283 बच्चों को 1612 बूथों पर दवा पिलायी जायेगी। रेलवे स्टेषन, बस अड्डा, टैम्पो अड्डों पर बच्चों को दवा पिलाने हेतु 36 मोबाईल टीम, 61 ट्रांजिट टीम लगायी गयी हैं। अभियान के पर्यवेक्षण हेतु 356 सुपरवाईजर एवं 72 सेक्टर चिकित्साधिकारी लगाये गये हैं। उन्होंने जनपद के सभी अभिभावकों से अपील किया है कि अपने 5 वर्श तक के बच्चों को पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो रोधी दवा जरूर पिलायें।

रैली उद्घाटन अवसर पर जिलाधिकारी गौरांग राठी सहित पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर, मुख्य विकास अधिकारी उन्नाव प्रेम प्रकाष मीणा, डा0 सत्य प्रकाष मुख्य चिकित्सा अधिकारी उन्नाव, डा0 फौजिया अन्जुम मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका, डा0 एच0एन0 प्रसाद अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा0 नरेन्द्र सिंह जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, डा0 ष्वेतान्षू सक्सेना एस0एम0ओ0 डब्लू0एच0ओ0, मो0 दिलषाद डी.एम.सी. यूनीसेफ, नीरज निगम वी0सी0सी0एम0 यू.एन.डी.पी. मनिन्दर सिंह सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

नशेबाज युवक ने की मारपीट, वीडियो वायरल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। गंजमुरादाबाद कस्बे में एक जनप्रतिनिधि के करीबी के लिए भीड़भाड़ वाली जगह पर रौब दिखाना महंगा पड़ गया। एक शराबी युवक ने उनसे भिड़कर मारपीट की, और यह घटना सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। इस घटना से जुड़ा एक वीडियो भी इंटरनेट पर वायरल हो गया, जिसमें एक युवक को कार सवार से भिड़ते हुए देखा जा सकता है। हालांकि, पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए नशेड़ी युवक को पकड़ लिया और विधिक कार्रवाई शुरू कर दी।घटना गंजमुरादाबाद कस्बे के ब्लाक रोड स्थित बाजार क्षेत्र की बताई जा रही है, जहां उर्स मेले के कारण भीड़-भाड़ थी।इस दौरान एक लग्जरी कार बाजार में घुस आई, और कार की टक्कर से एक बच्चा मामूली रूप से घायल हो गया। बच्चे के साथ मौजूद युवक ने इसका विरोध किया, तो कार सवारों ने अपनी रसूख का हवाला देते हुए रौब दिखाने की कोशिश की। इस पर गुस्साए युवक ने कार सवारों को जमकर लताड़ लगाई और कथित तौर पर उनकी पिटाई भी कर दी।घटना के बाद कार सवार युवक ने पुलिस को सूचित किया और आरोप लगाया कि उसे गाली-गलौज और मारपीट का सामना करना पड़ा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत किया, लेकिन यह घटना स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गई।लोग कह रहे हैं कि कार सवार युवक किसी जनप्रतिनिधि के करीबी थे, इसलिए वह अपनी रसूख का इस्तेमाल कर रहे थे, जिससे युवक का गुस्सा भड़क गया। हालांकि, पुलिस ने शिकायत के आधार पर शराबी युवक आदिल के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। आदिल गंजमुरादाबाद के पड़ियाना गांव का निवासी है, और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।इसके साथ ही, एक और मामला सामने आया है, जिसमें अवनीश कटियार नामक एक व्यक्ति ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। अवनीश का आरोप है कि आरोपी आदिल ने उसकी बाइक को रास्ते से हटाने को लेकर गाली-गलौज की, फिर लात-घूंसा मारकर उसे धमकी दी। अवनीश ने इस मामले में गंजमुरादाबाद थाना पुलिस को सूचना दी और आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सड़क दुर्घटना में कार चालक की मौत

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गांव बहलोलपुर के निकट आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर देर रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। लखनऊ से कन्नौज जा रही तेज रफ्तार वैगनआर कार डिवाइडर से टकराकर छतिग्रस्त हो गई। पीछे से आ रही दूसरी तेज रफ्तार कार भी उसमें टकरा गई। जिससे घटना में वैगन आर चालक की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि साथी गंभीर घायल हो गया। दूसरी कार में सवार लोगों को भी मामूली चोटें आई। वह लोग अन्य वाहन से चले गए। सूचना पर पहुँची यूपीडा रेस्क्यू टीम ने राहत बचाव शुरू कर घायल को एम्बुलेंस से बांगरमऊ सीएचसी में भर्ती करवाया। जहां से उसे डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई शुरू की।

बता दें कि कन्नौज जिले के गांव दनियापुर पट्टी पोस्ट पैदापुर के रहने वाले आनन्द कुमार (35) पुत्र सुखवासी व साथ में संतराम दिवाकर (45) निवासी आलमगीर गंज सदर कन्नौज कार से लखनऊ गए थे। जहाँ से वह देर रात घर लौट रहे थे। तभी बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवें पर गांव बहलोल पुर के निकट किलोमीटर संख्या 233 पर तेज रफ्तार वैगन आर कार बीच डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना में चालक कार में फस गया, उधर पीछे से आ रही तेज रफ्तार दूसरी कार भी उसी से टकरा गई। सूचना पर यूपीडा रेस्क्यू टीम व पुलिस मौके पर पहुँचकर रेस्क्यू शुरू किया। कार में फंसे चालक आनन्द को काफी समय बाद कड़ी मशक्कत कर बाहर निकलवाया, और साथी संतराम को एम्बुलेंस से बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया। जहाँ पर डॉक्टरों ने कार चला रहे आनन्द को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल संतराम को प्राथमिकता उपचार कर गम्भीर हालात देख रेफर कर दिया गया। उधर दूसरी कार जो टकराई उसमें सवार लोग बाल बाल बच गए। यूपीडा रेस्क्यू टीम ने दुर्घटनाग्रस्त एक्सप्रेसवें पर खड़ी कारों को क्रेन से हटवाकर सुरक्षित स्थान पर खड़ा करवाया।पुलिस ने दिवंगत के परिजनों को घटना की सूचना देकर, आगे की कार्रवाई शुरू की।दूसरी जो कार टकराई थी। उस कार के पीछे स्टैटिक मजिस्ट्रेट का स्टीकर लगा हुआ है। जिसकी जानकारी नही हो सकी।

एडीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। स्थानीय तहसील कार्यालय सभागार में आज शनिवार अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस की बैठक का आयोजन किया गया। समाधान दिवस पर कुल 108 फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई। इनमें सिर्फ 08 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हो सका। तहसील समाधान दिवस की बैठक में सबसे अधिक 61 शिकायती पत्र राजस्व विभाग से संबंधित पंजीकृत किए गए। इनमें मात्र 08 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया जा सका। इसके अलावा पुलिस 12, विकास विभाग के 08, खाद्य एवं रसद के 06, चकबंदी से संबंधित 13, समाज कल्याण के 03 तथा अन्य विभागों से संबंधित 05 शिकायती पत्र पंजीकृत हुए। बाकी शिकायती पत्रों का मौके पर निस्तारण न हो पाने के चलते इन्हें जल्द निस्तारण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंप दिए गए। बैठक में उपजिलाधिकारी नम्रता सिंह, तहसीलदार रामाश्रय, कोतवाली बांगरमऊ के प्रभारी निरीक्षक राजेश पाठक, बेहटा थाना प्रभारी फूल सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी मुकेश कुमार, नगर पालिका के वरिष्ठ लिपिक रवीन्द्र कुमार, ग्राम विकास अधिकारी समाज कल्याण मलखान यादव व नगर पंचायत गंजमुरादाबाद के कर्मचारी फजलुर्रहमान सहित सभी विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। संपूर्ण समाधान दिवस एसडीएम के अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें कुल 188 फरियादियों ने प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई, आसीवन थाना क्षेत्र पाठकपुर निवासी छोटेलाल ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव के बाहर अरविंद व सुरेश ने जबरन जमीन पर कब्जा कर फसल की बोई करवा दिया जिसपर एसडीएम रामदेव निषाद ने लेखपाल से रिपोर्ट मांगी, कुल 188 में राजस्व विभाग 77, पुलिस 27, विकास 23, विद्युत 16, पूर्ति 13, अन्य 32 मौके पर राजस्व के 5 प्रार्थना पत्र निस्तारण किए गए।इस मौके पर क्षेत्राधिकारी संतोष सिंह, कार्यवाहक तहसीलदार आशुतोष पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।

अजीम शायर धर्मेंद्र कटियार का अचानक चला जाना अपूर्णीय क्षति

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के जाने माने शायर, गजलकार धर्मेन्द्र कटियार 4 दिसंबर को चुपचाप इस दुनिया को छोड़कर चले गए। वे उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गोमती नगर में रहते थे। उनका जन्म 5 जुलाई 1950 को उन्नाव जिले की तहसील बांगरमऊ के गांव नसीरपुर के किसान परिवार में हुआ था। पंतनगर विश्वविद्यालय से कृषि में ऑनर्स के साथ उन्होंने स्नातक और परास्नातक किया। उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि विभाग के एक उपक्रम में महाप्रबंधक के पद पर नौकरी की। उनकी रचनाएं देश की विभिन्न पत्र/ पत्रिकाओं में प्रकाशित हुई, और आकाशवाणी से प्रसारित हुई।धर्मेंद्र कटियार गजलों के लिए जाने जाते थे। गजलों की उनकी तीन किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं- 'मुल्का का मौसम', 'चेहरा रोशनी का' तथा 'शहर के वास्ते'। 'चेहरा रोशनी का' की भूमिका मशहूर कवि रामकुमार कृषक ने लिखी। वे धर्मेंद्र कटियार की गजलों के संदर्भ में कहते हैं 'इनकी गजलें जिस तरह संवाद करती हैं, उस पर भरोसा किया जा सकता है। वह हमारी पाठकीय संवेदना को मात्र कल्पनाशीलता से नहीं, यथार्थ से गुजरते हुए स्पर्श करते हैं। यहां समकालीन स्थितियां और परिस्थितियां दोनों हमारे सामने उजागर होती हैं और हम उनमें फंसे मनुष्य को उसके तमाम अंतरविरोधों के साथ देख पाते हैं। इस पृष्ठभूमि में उनकी अनेक गजलों में बेहतरीन शेरों की आमद हुई है।'

'शहर के वास्ते' इनका नया गजल संग्रह था जो हाल में छप कर आया तथा इसका लोकार्पण समारोह उन्नाव के बांगरमऊ में संपन्न हुआ था। इसमें हिंदी के जाने माने आलोचक वाचस्पति (बनारस) शामिल हुए थे। उनकी गजलों को लेकर उनके निवास पर जन संस्कृति मंच की ओर से भी एक गोष्ठी हुई थी। उन्होंने अपनी गजलें सुनाई। उनके जाने से हिंदी गजल की एक समकालीन आवाज गुम हो गई है।

धर्मेंद्र कटियार की गजलों की धारदार पक्तियां इस बात का सबूत है कि वह कितने सजग, सचेत और अपने समय की समझ के तमीजदार शायर रहे हैं। उनका संग्रह 'शहर के वास्ते ' आकृति प्रकाशन दिल्ली से प्रकाशित हुआ था। इस संग्रह की गजलें मौजू हैं और दिलो दिमाग को मथने वाली हैं। धर्मेन्द्र अदम गोंडवी साहब के खास दोस्तों में रहे हैं और उनके साथ मंच साझा किया है। इस संग्रह की उनकी यह पक्तियां मौजूदा निजाम की करतूतों की तस्वीर पेश करती हैं -

'हाथ में बंदूक पैसा जेब में,
कायदा कानून जेबी हो गया है।
चढ़ रहा सर है वही धार्मिक जुनून,
वक्त फिर औरंगजेबी हो गया है।'

धर्मेन्द्र अपने समय और समाज की नब्ज और उसकी धड़कनों को किस तरह टटोलते और समझते हैं उसका खूबसूरत नमूना इसी संग्रह की यह पंक्तियां हैं

'खंडहर हो गई है इमारत पुरानी,
कहाँ तक छुड़ायेंगे जाला
बदलिए /यक ीनन है उनपे कोई
मास्टर की/ मुनासिब है गुजराती
ताला बदलिए '। धर्मेन्द्र अपनी गजलों में जालिम निजाम पर किस तरह हमलावर होते हैं, उसका एक खूबसूरत नमूना यह पंक्तियां पेश करती हैं - 'बातें पहले कीजिए दो जून के आहार की/शौक से फिर कीजिए, बुलट के रफ़्तार की'। धर्मेंद्र किसान परिवार से हैं और कृषि परास्नातक भी। आप बीज निगम के जीएम भी रहे हैं।

इसलिए वह किसानी जीवन के मर्मज्ञ और विशेषज्ञ भी हैं। किसान के दर्द का इजहार वह अपनी गजलों में कैसे करते हैं, इस पर गौर फरमाएं, 'मर गया कोने में पड़ा बूढ़ा /रो रहे हैं सब सगे मिट्टी रखें /ले रहा नींद शहर ए सी में/ गाँव की काट कर बिजली रखें।' उसी का एक और नमूना, 'पब्लिक कबूतर / कुर्सी गुलेल है। खुद के है पहरे में/ जीस्त खुली जेल है/दगी बोफोर्स नहीं / उड़ रहा राफेल है।' धारदार शायरी की जरूरत को रेखांकित करते हुए वह अपनी गजल में लिखते हैं, 'है निहायत ही जरूरी शायरी जिन्दा रहे/ गर्मी-ए-अल्फाज से ही आदमी जिन्दा रहे। हम वकालत सिर्फ गंगा की नहीं हैं कर रहे / दोस्त हिंदुस्तान की हर इक नदी जिन्दा रहे।

' उनकी गजलों में किसान के दर्द का बार-बार इजहार होता है, 'खेल खेती के साथ खेले गए/ किसान रोटियों से बेले गए/ देख कर बिकाऊ नेता अफसर / फिर न मजलूम कभी मेले गये।' धर्मेन्द्र जी मौजूदा निजाम के आकाओं की तस्वीर पेश करते हुए अपनी गजलों में लिखते है, 'शख्स वो नब्ज देख लेता है / यूँ सही जुमले फेंक लेता है/झोक इंधन सा आपको हमको/ रोटियां अपनी सेंक लेता है।'

इस तरह हम देखते हैं धर्मेन्द्र कटियार हमारे समय के अजीम शायर हैं जो अपनी शायरी से अपने समय और समाज की असल तस्वीर पेश करते हैं, जिसमें सम्वेदना और इंसानियत झांकती दिखती है। वह इंसानी उसूलों के तलबगार और तरफदार हैं। उम्मीद है शहर के वास्ते धर्मेन्द्र नया गजल संग्रह पाठको का ध्यान आकर्षित करेगा।

बेसिक में दिखा जीत का उत्साह, हुनरमंद बच्चों ने अपने दमखम से जीती ट्राफियां

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुलिस लाइन ग्राउंड में बेसिक की दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। बीएसए उन्नाव संगीता सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिलाधिकारी उन्नाव गौरांग राठी और पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के साथ ही, उन्नाव के लोकप्रिय सदर विधायक पंकज गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्षा एवं एसडीएम न्यायिक को स्मृतिचिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। जिलाधिकारी और एसपी ने हवा में गुब्बारे छोड़ खेलों के आयोजन को हरी झंडी दिखाई। अतिथियों के समक्ष सर्वप्रथम आयोजित जूनियर वर्ग 600 मीटर दौड़ में जीतने वाली औरास की बालिका खुशी को डीएम और एसपी उन्नाव ने हाथ मिलाकर बधाई दी। तत्पश्चात बीएसए और खेल प्रभारी बीईओ मनींद्र कुमार के निर्देशन में खेल शिक्षक पुरुषोत्तम और निशा सिंह ने अन्य प्रतियोगिताओं की शुरूआत कराई।दोनों दिन के खेलने निर्धारित क्रमों में कबड्डी, खोखो, एथलेटिक्स, योगा, लोकनृत्य, एकांकी, अंत्याक्षरी आदि में सभी ब्लॉकों से आए बच्चों ने अपने करतब दिखलाए। सभी खेलों के परिणामों पर गौर करें तो पहले स्थान और ओवरऑल चैंपियनशिप ट्राफी बिछिया के पाले में गई। विश्वजीत के नेतृत्व में बच्चों ने लगभग सभी खेलों में श्रेष्ठ परिणाम दिए। द्वितीय स्थान मियागंज के बच्चों का प्रदर्शन शानदार रहा। औरास लगभग 27 मेडल जीतकर जनपद में तीसरे पायदान पर रहा। 600 मीटर दौड़ में गोल्ड के साथ जीत की शुरूआत कर चुके औरास ने प्राथमिक एवं जूनियर की 50, 100, 200 और 400 मीटर दौड़ में गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज की झड़ी लगा दी। साथ ही 4*100 मीटर रिले दौड़ में बालिका वर्ग में गोल्ड तो बालक वर्ग में कांस्य पदक लपका। प्राथमिक बालिका वर्ग योगा में भी औरास ने गोल्ड जीता। औरास के श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों में उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा और अदौरा एवं प्राथमिक में हसनपुर और चमारन खेड़ा रहा। एथलेटिक्स और जिम्नास्ट की खुशी, उपासना, अर्षिता, आसिफ, राज, मनीष, आशिफ, सेजल आदि बच्चों को बीएसए ने मेडल, ट्रॉफी और प्रमाणपत्र प्रदान किया। औरास के खेल एवं व्यायाम शिक्षक रईसुल इस्लाम गौहर के साथ ही टीम मैनेजर प्रदीप वर्मा, हैदर और प्रवीन को बीएसए संगीता सिंह और बीईओ संजय शुक्ल ने जीत की बधाई दी। अलग अलग खेलों में निर्णायक की भूमिका में प्रीति मिश्र, मोहिनी पटेल, प्रतिक्षा, हैदर, रंजना, विश्वजीत, मीनू, अनीता, कयामुद्दीन आदि रहे। विभिन्न शैक्षिक संगठनों के पदाधिकारियों में संजीव संखवार, प्रदीप, अमित, शिव, संजय, कृष्ण शंकर, भरत चित्रांशी, सोनू, गणेश शंकर, विवेक तिवारी, जीतेंद्र, अनुपम मिश्र, रामजन्म तौसीफ, सत्यदेव सिंह, सूर्यकांत, सुधाकर, सचिन, अजय, मंजू आदि रहे। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष के साथ ही सभी पदाधिकारियों ने बीएसए उन्नाव को इस भव्य और शानदार आयोजन के लिए स्मृतिचिन्ह के रूप में रामदरबार भेंट किया।उपस्थित जनों में समस्त समितियों, बीईओ के साथ ही ऋषभ, अमित, प्रद्युम्न, वैष्णव, नितिन, अनुराग, शशांक, आतिया, मनोज, अतुल, राजदीप, आदित्य, नंदकिशोर, इमरान, राजवीर, शौर्या, गोविंद, देवशरण, राहुल, ह्रितिक, दीपक, पवन, उमेश गुप्ता ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाली। विश्वनाथ तिवारी और ज्योति यादव ने संचालन किया जिसकी सभी ने सराहना की।

सम्पादकीय

महाराष्ट्र को साधने में सफल हुई भाजपा

विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा नीत महायुति को बहुमत मिलने के बावजूद अपना मुख्यमंत्री चुनने में करीब 12 दिनों का वक्त लग गया। आखिरकार महाराष्ट्र को साधने में भाजपा सफल हुई, भाजपा के खाते में सीएम पद आया और पूर्व सीएम व डिप्टी सीएम देवेन्द्र फड़णवीस महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री होंगे। उन्हें महायुति ने अपने विधायक दल का नेता चुना है। महायुति में सहयोगी व कार्यवाहक सीएम एकनाथ शिंदे की सियासी चकल्लस रुकावट बनी हुई थी। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव से लेकर वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव तक महाराष्ट्र की राजनीति में बहुत पानी बह चुका है। पिछले चुनाव में भी भाजपा व शिवसेना को बहुमत मिला था, लेकिन मुख्यमंत्री के सवाल पर उद्धव ठाकरे की जिद के चलते भाजपा सरकार नहीं बना पाई थी, उस वक्त उद्धव ठाकरे ने शरद पवार की पार्टी एनसीपी और कांग्रेस के साथ मिलकर महाविकास अघाड़ी की गठबंधन सरकार बनाई थी और खुद सीएम बने थे। यह सरकार करीब ढाई साल चली, उसके बाद एकनाथ शिंदे ने शिवसेना में बगावत की, शिवसेना दो-फाड़ हुई, उससे उद्धव की सरकार अल्पमत में आ गई, उन्हें पद छोड़ना पड़ा, महाविकास अघाड़ी की सरकार चली गई, शिंदे की शिवसेना ने भाजपा से गठबंधन किया। भाजपा के समर्थन से शिंदे महाराष्ट्र के सीएम बने। भाजपा व शिंदे की शिवसेना के गठबंधन में बाद में सिंचाई घोटाले के आरोपों का सामना कर रहे एनसीनी नेता अजित पवार एनसीपी से बगावत कर अपने समर्थक विधायकों के साथ शामिल हो गए। इस बार चुनाव मैदान में भाजपा, शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी की महायुति मैदान में उतरी, उसका मुकाबला उद्धव ठाकरे की शिवसेना, शरद पवार की एनसीपी और कांग्रेस के गठबंधन महाविकास अघाड़ी (एमवीए) से था। इस चुनाव में माना जा रहा था कि एमवीए का पलड़ा भारी है, चूंकि लोकसभा के चुनाव में एमवीए ने अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन विधानसभा चुनाव में महायुति ने शानदार जीत दर्ज की। 288 सीटों वाली विधानसभा में महायुति को 230 सीट मिली हैं, भाजपा को 132 सीटों पर विजय मिली। शिंदे की शिवसेना व अजित की एनसीपी को भी महायुति में भारी फायदा हुआ। कुछ वर्ष पहले लग रहा था कि महाराष्ट्र में भाजपा व एकीकृत एनसीपी के बीच ही चुनावी समर तय होगा, पर अब प्रदेश राजनीतिक रूप से अधिक विभाजित हो गया है। अब नई सरकार के मुखिया के रूप में देवेन्द्र फड़णवीस के सामने महायुति के वादे पूरे करने की महती चुनौती होगी। उन्हें एकनाथ शिंदे व अजित पवार जैसे चतुर नेताओं को साध कर भी रखना होगा। शिंदे की महत्वाकांक्षा के चलते ही भाजपा नीत महायुति को सरकार गठन में इतना अधिक वक्त लगा। यूं तो भाजपा इस वक्त काफी मजबूत है , सियासी दबाव शिंदे व अजित पवार पर अधिक होगा। मुंबई आर्थिक राजधानी भी है और महाराष्ट्र में जलसंकट बड़ी समस्या है, मराठा आरक्षण इश्यू है, सिंचाई घोटाले जैसे मामले भी हैं, ऐसे में भाजपा नीत महायुति की नई सरकार के सामने महाराष्ट्र को विकास के अगले चरण में लेकर जाना कदापि आसान नहीं होगा। भाजपा की कोशिश प्रदेश की ताकत बनने व जनाधार बढ़ाने की भी है, जिसमें अपने सहयोगियों से तालमेल बिठाकर चलना कांटों के तीज पर चलने जैसा होगा। हरियाणा के बाद महाराष्ट्र में जीत से भाजपा का लोकसभा में खोया आत्मविश्वास लौट चुका है। वहीं कांग्रेस के लिए राष्ट्रीय मंथन का वक्त है।

प्रकृति परीक्षण... स्वस्थ नागरिक से ही समृद्ध राष्ट्र

विचार
डॉ. संजय शुक्ला

भारत की पूरी दुनिया में एक पहचान उसकी प्राचीन चिकित्सा पद्धति 'आयुर्वेद' से भी रही है। वैश्विक महामारी कोरोनाकाल के दौरान और इसके बाद देश और दुनिया में आयुर्वेद के प्रति लोगों का रूझान काफी बढ़ा है। दरअसल आयुर्वेद केवल चिकित्सा पद्धति ही नहीं बल्कि जीवन पद्धति है जिसमें व्यक्तिगत और सामुदायिक स्वास्थ्य के सारे उपाय मौजूद हैं। आयुर्वेद का मूल सिद्धांत 'स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा एवं रोगी की चिकित्सा है' इस पद्धति के 85 फीसदी हिस्से में विभिन्न ऋतुओं में जनसामान्य के सेहतमंद रहने के लिए आवश्यक आहार, दिनचर्या, ऋतुचर्या और परहेज से संबंधित जानकारियां बताई गई है। आयुर्वेद में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को ही पूर्ण स्वास्थ्य माना गया है जिसे आधुनिक चिकित्सा विज्ञान 'एलोपैथी' और विश्व स्वास्थ्य संगठन 'ड्ब्लूयूएचओ' ने भी मान्यता दी है। 'अष्टांग आयुर्वेद' में चिकित्सा के हर शाखाओं को बहुत ही वैज्ञानिक तौर पर विभक्त किया गया है। यह अतिशयोक्ति नहीं होगी कि आयुर्वेद ने आधुनिक चिकित्सा विज्ञान को उसके विस्तार और विकास में राह दिखाई है। आयुर्वेद के आचार्य सुश्रुत को आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने 'फादर ऑफ सर्जरी' की मान्यता देती है जिसके चलते दुनिया के अनेक मेडिकल कॉलेजों एवं संस्थानों में आचार्य सुश्रुत की प्रतिमा स्थापित है।

गौरतलब है कि आयुर्वेद अपने शुरूआत से ही स्वास्थ्य रक्षण के साथ ही औषधि चिकित्सा और शल्य चिकित्सा में काफी विकसित और विज्ञान सम्मत था। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के वर्तमान विशेषज्ञता ' स्पेशलाइजेशन' और 'सुपर स्पेशलाइजेशन' के दृष्टिगत यदि अष्टांग आयुर्वेद पर गौर करें तो इस विधा में यह व्यवस्था हजारों साल पहले से मौजूद है। अष्टांग आयुर्वेद के तहत संपूर्ण आयुर्वेद आठ शाखाओं काय चिकित्सा, बाल रोग, भूत विद्या (मनोरोग) , शालाक्य तंत्र (नाक, कान और गला) , शल्य तंत्र, अगद तंत्र (विष विज्ञान), रसायन चिकित्सा (वृद्धावस्था जन्य रोग), वाजीकरण (यौन समस्याओं से संबंधित) में विभक्त है। इन शाखाओं में उनके विशिष्टता के अनुसार व्यक्ति के स्वस्थ रहने और व्याधिग्रस्त होने पर उसकी प्रभावी चिकित्सा के लिए आवश्यक निदान, रोग विनिश्चय, औषधि, आहार और परहेज का उल्लेख है। यह एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है जिसमें शिशु, किशोर, युवा, महिला और बुजुर्गों के संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए आवश्यक उपाय मौजूद हैं। दरअसल आयुर्वेद घर के रसोई से शुरू होकर जंगलों और समुद्रों में पाए जाने वाले खाद्यान्न, मसालों, वनोषौधियों, पाषाणों और सामुद्रिक मोतियों,सीप, शैवालों, वानस्पतिक और जांगम तक सिमटा हुआ है जिसका आधार पंच महाभूत पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश है। मतलब यह स्पष्ट है कि आयुर्वेद 'प्रकृति' के साथ ही तादात्म्य रखता है।

आयुर्वेद सिद्धांत अनुसार स्वास्थ्य के लिए तीन शारीरिक प्रकृतियों वात-पित्त-कफ में संतुलन आवश्यक है। आयुर्वेद के अनुसार हर व्यक्ति की अपनी विशिष्ट प्रकृति होती है जो गर्भाधान के समय ही निश्चित हो जाती है। किसी भी आयुर्वेद विशेषज्ञ या चिकित्सक के लिए प्रकृति का ज्ञान व्यक्ति के स्वास्थ्य रक्षा और चिकित्सा में महत्वपूर्ण होता है। विभिन्न शारीरिक प्रकृतियों के लोगों के लिए ऋतुओं के बदलाव के साथ सेहतमंद रहने के लिए खान-पान, दिनचर्या और ऋतुचर्या तथा परहेज बताए गए हैं। वर्तमान जीवनशैली, अनियमित खान-पान और शारीरिक श्रम की न्यूनता के कारण देश की एक बड़ी आबादी जीवनशैली गत गैर संचारी रोगों जैसे मोटापा, मधुमेह, हृदयरोग और कैंसर का शिकार हो रही है। भारत जो युवाओं के जनसंख्या के लिहाज से दुनिया का सबसे युवा देश है लेकिन युवाओं की बड़ी आबादी बड़ी तेजी से गैर संक्रामक रोगों के गिरफ्त में है। युवा ही किसी देश के सबसे बड़े वर्कफोर्स 'कार्यबल' होते हैं जिन पर राष्ट्र का आर्थिक और सामाजिक विकास निर्भर होता है। किसी भी कार्यबल के उत्पादकता में उसके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण भूमिका होती है इन परिस्थितियों में यदि हमारे युवा बीमार रहेंगे तब देश के भविष्य का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।अनेक अंतरराष्ट्रीय शोध में यह बताया गया है कि आने वाले समय में भारत पूरी दुनिया में मधुमेह की राजधानी होगी। चूंकि जनस्वास्थ्य सरकार की जवाबदेही है लिहाजा गैर संचारी रोगों के बढ़ते आंकड़े जहां देश के अर्थव्यवस्था को प्रभावित करेगा वहीं इलाज के बढ़ते खर्च के चलते एक बड़ी आबादी गरीबी रेखा से नीचे चली जाएगी। बिलाशक इन विसंगतियों का प्रभाव देश के आर्थिक और सामाजिक विकास पर पड़ेगा।

बहरहाल गैर संचारी रोगों के रोकथाम और नियंत्रण में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति की प्रभावी भूमिका के दृष्टिगत केंद्रीय आयुष मंत्रालय के तत्वावधान में बीते 'नवम आयुर्वेद दिवस ' पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'देश का प्रकृति परीक्षण' अभियान का शुभारंभ किया है। यह अभियान संविधान दिवस 26 नवंबर से आरंभ होकर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती 25 दिसंबर 2024 तक संपन्न होगा। अभियान का ध्येय वाक्य 'संकल्प स्वास्थ्य का, आधार आयुर्वेद का' रखा गया है। इस अभियान के तहत भारत के सभी आयुर्वेद महाविद्यालयों में अध्ययनरत स्नातक और स्नातकोत्तर के लगभग 1, 55,000 छात्र, 18.000 शिक्षक तथा शासकीय और निजी चिकित्सा कार्य कर रहे 3,00,000 से अधिक इस प्रकार लगभग 4,73,000 आयुर्वेद विधा से जुड़े लोग बतौर स्वयंसेवक 'वालेंटियर' 18 साल से अधिक आयु वाले नागरिकों का मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए ऑनलाइन प्रकृति परीक्षण करेंगे। अभियान के प्रथम चरण में देशभर में एक करोड़ नागरिकों का प्रकृति परीक्षण करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रकृति परीक्षण के बाद नागरिकों को उनके फोन पर तुरंत ' डिजिटल प्रकृति कार्ड ' प्राप्त होगा। जिन नागरिकों का प्रकृति परीक्षण इस एप्लिकेशन के माध्यम से हुआ है उन्हें भविष्य में नोटिफिकेशन के द्वारा आयुर्वेद के सिद्धांतों के अनुसार अपनी प्रकृति के अनुरूप स्वस्थ रहने हेतु खान-पान, दिनचर्या, ऋतुचर्या, परहेज और महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त होते रहेगा।

आधुनिक वैज्ञानिक मानकीकरण के दौर में जब दुनिया में नये नये संक्रामक महामारियां दुनिया के चिकित्सा विज्ञान के लिए चुनौती साबित हो रही है तब आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को वैज्ञानिक मानकों के कसौटी पर खरा उतरना आवश्यक है।आधुनिक चिकित्सा पद्धति के विकास के साथ ही आयुर्वेद के साथ एक मिथक जुड़ते गया कि इस विधा में अनुसंधान नहीं होता। सदियों पुरानी इस चिकित्सा पद्धति के बारे में व्याप्त मिथक के लिए बिलाशक मुगल शासन और ब्रिटिश हुकूमत जैसे ऐतिहासिक कारण जवाबदेह रहे हैं लेकिन स्वातंत्र्योत्तर भारत में भी यह चिकित्सा पद्धति हाशिए पर रही है। इसके पीछे मुख्य वजह इस पद्धति के बारे में नीति नियंताओं का पूर्वाग्रह रहा जो आयुर्वेद के वैज्ञानिकता को ही खारिज करते रहे हैं। इसके विपरित आयुर्वेद सदियों से घरों में घरेलू उपचार के नाम पर लोगों की पहली प्राथमिकता में रही है। आज भी देश की ग्रामीण और दुर्गम वनांचलों में रहने वाली अधिकांश आबादी की मातृ- शिशु स्वास्थ्य से लेकर रोजमर्रा के स्वास्थ्य समस्याओं के लिए आयुर्वेदीय जड़ी- बूटियों और नुस्खों पर निर्भर है।

अलबत्ता यह कहने में जरा भी हिचक नहीं है कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेई एवं वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने भारत की इस 'बौद्धिक संपदा' के संरक्षण और संवर्धन के दिशा में बेहतर प्रयास किया है। भारत सरकार के प्रयासों का प्रतिफल है कि आज आयुर्वेद के क्षेत्र में जहां लगातार अनुसंधान हो रहे हैं वहीं इसके नुस्खों विकसित देशों में भी वैज्ञानिक मान्यता मिल रही है। 'हर घर आयुर्वेद' के उद्देश्य से शुरू किया गया प्रकृति परीक्षण अभियान आयुर्वेद के लोकव्यापीकरण और प्रसार के साथ ही इस विधा के अनुसंधान में भी सहायक सिद्ध होगा। दुनिया भर में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के बढ़ते भरोसे के चलते ही इसके वैश्विक बाजार में आशातीत बढ़ोतरी हो रही है जिससे लोगों को रोजगार भी मिल रहा है।बिलाशक यह प्रकृति परीक्षण अभियान जहां देशवासियों को सेहतमंद रखने में महत्वपूर्ण साबित होगा वहीं यह "विकसित भारत- 2047" के लक्ष्य पूर्ति में भी सहायक होगा आखिरकार स्वस्थ नागरिक से ही समृद्ध राष्ट्र का निर्माण संभव है।

अर्थव्यवस्था

सतीश सिंह

रेपो दर की कटौती में महंगाई बाधक

मौद्रिक नीति समिति की बैठक 4 से 6 दिसंबर 2024 तक चलेगी, जिसमें विमर्श का सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा रेपो दर में कटौती होगा, क्योंकि एक लंबे समय से रेपो दर 6.5 प्रतिशत पर बरकरार है, जिसके कारण बैंकों का ऋण दर उच्च स्तर पर बना हुआ है और महंगी दर पर उधारी मिलने के कारण ऋण का उठाव कम है। कंपनियों के पास पूंजी की कमी है और इसके कारण देश में आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ गई हैं। जुलाई से सितंबर 2024 के दौरान या चालू वर्ष की दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 5.4 प्रतिशत रही,जो विगत 7 तिमाहियों का सबसे निचला स्तर है। गिरावट का मूल कारण विनिर्माण और खनन क्षेत्र में विकास दर में उल्लेखनीय कमी आना है। पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रही थी, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 8.1 प्रतिशत रही थी। भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने ताजे अनुमान में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत, तीसरी तिमाही के लिए 7 प्रतिशत और अंतिम तिमाही के लिए 7.4 प्रतिशत जताया है, जबकि मुद्रास्फीति के वित्त वर्ष 2024-25 में 4.5 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 4.8 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 4.2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। मौजूदा समय में मुद्रास्फीति दर उच्च स्तर पर बनी हुई है, जिनके कारण वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता का बना रहना, भू-राजनैतिक संकट की निरंतरता, मानसून का अनुकूल नहीं रहना, खाद्य पदार्थों व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की ऊंची कीमत आदि हैं। अक्टूबर 2024 में मुद्रास्फीति 14 महीनों के उच्च स्तर 6.21 प्रतिशत पर थी, जबकि सितंबर 2024 में यह 5.5 प्रतिशत के स्तर पर थी। इसतरह,विगत 2 महीनों में औसत मुद्रास्फीति दर 5.9 प्रतिशत रही है। भारतीय रिजर्व बैंक ने अंतिम बार फरवरी 2023 में रेपो दर में 0.25 आधार अंकों की वृद्धि की थी, जिससे रेपो दर बढ़कर 6.50 के स्तर पर पहुंच गया था। भले ही चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर में कमी आई है, लेकिन वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने कैलेंडर वर्ष 2024 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि अनुमान को बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत कर दिया है, जो पहले 6.8 प्रतिशत और 6.1 प्रतिशत थी। हालांकि, मूडीज ने 2025 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि अनुमान को 6.5 प्रतिशत पर यथावत रखा है, जबकि 2026 के लिए जीडीपी वृद्धि दर अनुमान 6.6 प्रतिशत जताया है, लेकिन ये वृद्धि दरें विश्व के कई विकसित देशों से बेहतर हैं। मूडीज ने 2025 और 2026 में भारत में मुद्रास्फीति का अनुमान 4.5 प्रतिशत और 4.1 प्रतिशत जताया है। किसी की क्रय शक्ति को निर्धारित करने में मुद्रास्फीति महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुद्रास्फीति बढ़ने पर वस्तु एवं सेवा दोनों की कीमतों में इजाफा होता है, जिससे व्यक्ति की खरीददारी क्षमता कम हो जाती है और वस्तुओं एवं सेवाओं की मांग कम हो जाती है। फिर,उनकी बिक्री कम होती है, उनके उत्पादन में कमी आती है, कंपनी को घाटा होता है, कामगारों की छंटनी होती है, रोजगार सृजन में कमी आती है आदि। फलतः आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ जाती हैं एवं विकास की गति बाधित होती है। ऐसे में यह कहना समीचीन होगा कि मुद्रास्फीति को कम करने से ही विकास की गाड़ी तेज गति से आगे बढ़ सकती है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी द्वारा तैयार एचएसबीसी विनिर्माण पीएमआई नवंबर, 2024 में 58.4 थी,जो अक्टूबर महीने में 58.5 थी। भले ही, पीएमआई नवंबर महीने में अक्टूबर महीने से 0.01 कम है, लेकिन यह सितंबर और अगस्त महीने से अधिक है। पीएमआई का 50 से ऊपर रहना यह दर्शाता है कि विनिर्माण और सेवा क्षेत्र में तेजी का रुख बना हुआ है। 15 नवंबर 2024 तक ऋण उठाव घटकर 11.1 प्रतिशत रह गया, जो विगत वर्ष आलोच्य अवधि में 20.6 प्रतिशत रहा था। इस अवधि में जमा वृद्धि दर में भी उल्लेखनीय कमी आई है और इसकी औसत वृद्धि दर मार्च से महज 6.7 प्रतिशत है। फिलवक्त, जीडीपी वृद्धि दर में गिरावट दर्ज की गई है और मुद्रास्फीति में तेजी।

अहंकार ही अज्ञान है

संकलित
दर्शन

सूर्य वैसे तो सारे संसार को प्रकाश और ताप देता है, पर यदि वह मेघ से आच्छन्न हो जाए तो ऐसा नहीं कर पाता। इसी भांति जब तक हृदय अहंकार के आवरण से आच्छादित रहता है, तब तक उसमें भगवान प्रकाशित नहीं हो पाते। यह अहं मेघ की तरह है। इसी के कारण हम ईश्वर को नहीं देख पाते। यदि श्रीगुरु की कृपा से अहं-बुद्धि दूर हो जाए तो फिर ईश्वर के पूर्ण दर्शन हो जाते हैं। जैसे, सिर्फ ढाई हाथ की दूरी पर ही साक्षात पूर्णब्रह्म श्रीरामचंद्र जी हैं, किंतु बीच में सीता रूपिणी माया का आवरण होने के कारण लक्ष्मण जी रूपी जीव को ईश्वर राम के दर्शन नहीं होते। जीव का अहंकार ही माया है। यही अहंकार सब आवरण का मूल है। मैं के मरने पर ही सारा जंजाल दूर होगा। अगर किसी को ईश्वर की कृपा से मैं कर्ता नहीं हूं- यह ज्ञान हो जाए, तब तो वह जीवनमुक्त ही हो गया। फिर उसे किसी बात का भय नहीं। अगर मैं अपने को इस अंगोछे की ओट में कर लूं तो तुम मुझे नहीं देख सकते, पर मैं तुम्हारे बिल्कुल नजदीक ही हूं। इसी भांति और सभी चीजों की अपेक्षा ईश्वर ही तुम्हारे सबसे ज्यादा निकट है, किंतु अहं रूपी आवरण के कारण तुम उनके दर्शन नहीं कर सकते। जब तक अहंकार रहता है, तब तक न ज्ञान होता है, न मुक्ति मिलती है। हांडी में रखे पानी और चावल, दाल, आलू आदि को तब तक छुआ जा सकता है, जब तक हांडी आग पर नहीं रखी जाती। जीव की देह मानो हांडी है और धन, मान, विद्या, बुद्धि, जाति, कुल आदि मानों दाल, चावल, आलू की तरह हैं।

महिमा राम नाम की

संकलित
प्रेरणा

एक आदमी बर्फ बनाने वाली कम्पनी में काम करता था। एक दिन कारखाना बन्द होने से पहले अकेला फ्रिज करने वाले कमरे का चक्कर लगाने गया तो गलती से दरवाजा बंद हो गया। और वह अंदर बर्फ वाले हिस्से में फंस गया छुट्टी का वक्त था और सब काम करने वाले लोग घर जा रहे थे। किसी ने भी अधिक ध्यान नहीं दिया की कोई अंदर फंस गया है। वह समझ गया की दो-तीन घंटे बाद उसका शरीर बर्फ बन जाएगा अब जब मौत सामने नजर आने लगी तो, भगवान को सच्चे मन से याद करने लगा। एक घंटे ही गुजरे थे कि अचानक फ्रिज रूम में खट-खट की आवाज हुई। दरवाजा खुला चौकीदार भागता हुआ आया। उस आदमी को उठाकर बाहर निकाला और गर्म हीटर के पास ले गया। उसकी हालत कुछ देर बाद ठीक हुई तो उसने चौकीदार से पूछा, आप अंदर कैसे आए? चौकीदार बोला कि साहब मैं 20 साल से यहां काम कर रहा हूं। इस कारखाने में काम करते हुए हर रोज सैकड़ों मजदूर और ऑफिसर कारखाने में आते जाते हैं। मैं देखता हूं लेकिन आप उन कुछ लोगों में से हो, जो जब भी कारखाने में आते हो तो मुझसे हंस कर राम-राम करते हो और हालचाल पूछते हो और निकलते हुए आपका राम-राम काका कहना मेरी सारे दिन की थकावट दूर कर देता है। जबकि अक्सर लोग मेरे पास से यूं गुजर जाते हैं कि जैसे मैं हूं ही नहीं। आज हर दिनों की तरह मैंने आपका आते हुए अभिवादन तो सुना लेकिन राम-राम काका सुनने के लिए इंतज़ार करता रहा।

अंतर्मन

आज की पाती

नदियों का संरक्षण जरूरी

महात्मा गांधी ने कहा था कि नदियां हमारे देश की नाड़ियों की तरह हैं। यदि हम उन्हें गंदा करना जारी रखेंगे तो वो दिन दूर नहीं जब हमारी नदियां जहरीली हो जाएंगी। और अगर ऐसा हुआ तो हमारी सभ्यता नष्ट हो जाएगी। जिन नदियों को हम माता समझते हैं, नदियों का प्रदूषण हमारे लिए भी किसी श्राप से कम नहीं हो सकता। मोदी सरकार ने गंगा को संभालने और इसके संरक्षण के उद्देश्य से भी वर्ष 2014 में नमामि गंगे नामक योजना लांच की थी। गंगा तभी पूरी तरह साफ होगी जब हम इसे साफ-सुथरा रखने का मन बनाएंगे। लोग गंगा नदी के किनारे जाते हैं पुण्य कमाने, लेकिन गंगा में पॉलीथीन या अन्य गंदगी डालने से परहेज नहीं करते। देश में नदियों के संरक्षण की सख्त जरूरत है। - *शैलेश वर्मा, धमतरी*

ट्रेंड

नौसेना कर्मियों को सलाम

नौसेना दिवस पर, हम भारतीय नौसेना के बहादुर कर्मियों को सलाम करते हैं जो अद्वितीय साहस और समर्पण के साथ हमारे समुद्र की रक्षा करते हैं। उनकी प्रतिबद्धता हमारे राष्ट्र की सुरक्षा, सुरक्षा और समृद्धि सुनिश्चित करती है। हमें भारत के समृद्ध समुद्री इतिहास पर भी बहुत गर्व है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

पंजाब घटना पर चुप्पी

अरविंद केजरीवाल पंजाब में हुई घटना पर क्यों चुप हैं। यहां तो वे बहाना बना लेते हैं लेकिन जहां उनके पास पुलिस प्रशासन का कंट्रोल है, वहां स्वर्ण मंदिर में उनकी निकम्मी सरकार के कारण गोलियां चल रही हैं।

-डा. हर्षवर्धन, पूर्व केंद्रीय मंत्री

संभल जाने से क्यों रोका

पुलिस ने हमें संभल जाने से रोक दिया। विपक्ष के नेता होने के नाते यह मेरा अधिकार और कर्तव्य है कि मैं वहां जाऊं। मैं अकेला जाने को भी तैयार हूं, लेकिन वे इसके लिए भी नहीं माने। यह संविधान के खिलाफ़है। भाजपा क्यों डरी हुई है?

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

तांबे की खपत

अनुमान है कि अगले 25 वर्षों में दुनिया अब तक के इतिहास की तुलना में अधिक तांबे की खपत करेगी। हम इसे एक चुनौती के रूप में देख सकते हैं। लेकिन मैं इसे एक बड़े अवसर के रूप में देखता हूं।

-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति

करंट अफेयर

ब्रिटेन ने बांग्लादेश की यात्रा न करने की सलाह दी

ब्रिटेन सरकार ने बांग्लादेश के लिए जारी परामर्श को अद्यतन करते हुए ब्रिटिश नागरिकों को वहां की यात्रा करने को लेकर सचेत किया है। विदेश, राष्ट्रमंडल एवं विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ने बांग्लदेश लिए जारी परामर्श के सुरक्षा खंड की मंगलवार शाम समीक्षा की। अद्यतन परामर्श में "आवश्यक यात्रा" को छोड़कर किसी भी तरह की यात्रा करने के प्रति आगाह किया गया है। एफसीडीओ के यात्रा परामर्श में कहा गया, "बांग्लादेश में आतंकवादी हमले का प्रयास कर सकते हैं। परामर्श के अनुसार, कई जगह आतंकवादी हमले होने की आशंका है, जिनमें वे स्थान भी शामिल हो सकते हैं, जहां विदेशी नागरिक जाते हैं

ऑफ बीट

झपकी से याददाश्त में हो सकता है सुधार

कुछ लोग इसे विलासिता भोग के रूप में देखते हैं जबकि अन्य इसे मुस्तैद तथा तंदरुस्त बने रहने के तरीके के रूप में देखते हैं। लेकिन झपकी के फायदे के साथ-साथ नुकसान भी हो सकते हैं। वैसे मैं झपकी लेने की जटिल प्रवृत्ति के साथ साथ इस बात से अवगत हूं कि क्यों दोपहर के वक्त 20 से 30 मिनट की झपकी असंख्य तरीकों से फायदेमंद हो सकती है। अनुसंधान से पता चलता है कि झपकी के कई फायदे हैं। छोटी-सी झपकी से मानसिक स्वास्थ्य और याददाश्त के साथ ही मुस्तैदी, ध्यान और प्रतिक्रिया देने के समय में भी सुधार आता है। इसका संबंध उत्पादकता और रचनात्मकता से भी है। चूंकि झपकी से रचनात्मक सोच में सुधार आता दिखायी देता है

संक्षेप

ट्रैक्टर चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, तीन घायल

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत बिहार बक्सर मार्ग में भटखेरवा गाँव के सामने ट्रैक्टर चालक ने अंतिम संस्कार से लौट रहे बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों व एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को सुमेरपुर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां से जिला अस्तपताल रिफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गाँव पठई थाना मौरावां निवासिनी जनकदुलारी पत्नी रामदुलारे व उनकी बहू सीतू पत्नी सुरेश व बाइक चला रहे सुमित पुत्र जागेश्वर एक ही बाइक से जनकदुलारी के समधी उशरू थाना सरेनी निवासी विश्वम्भर के अंतिम संस्कार से वापस आ रहे थे। भगवंतनगर चौकी के क्षेत्र भटखेरवा के समीप अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी जिससे तीनो लोग छिटककर दूर जा गिरे। तीनो हो लोगो के सर व सरीर में गभीर चोटे आ गयी जिसमे दो लोगो के पैर व एक लोगो के हाथ के फ्रैक्चर बताया गया। मौके पर ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग जाने में सफल रहा। राहगीरों की मदद से एम्बुलेंस द्वारा घायलों को सुमेरपुर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर राजकिशोर ने घायलों की गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्तपताल रिफर कर दिया।

आवारा पशु से टकराकर सड़क पर गिरी तेज रफ्तार बाइक, एक की मौत, दो घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गाँव जगत नगर में स्थित पीएचसी के निकट तेज रफ्तार बाइक आवारा मवेशी से टकराकर पलट गई। हादसे में बाइक सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीण घायलों को बांगरमऊ के सीएचसी लाए। जहां चिकित्सकों ने एक बाइक सवार को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जबकि दो घायलों को नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के गांव भिखारी पुरवा निवासी राजकुमार पुत्र छोटेलाल अपने रिश्तेदार बांगरमऊ क्षेत्र के गांव अलौला पुर निवासी अभिमन्यु पुत्र घसीटे व राजू पुत्र सीताराम के साथ बाइक के जरिए गांव नौबत गंज से मदारनगर की तरफ आ रहा था। तभी शुक्रवार को देर रात ग्राम जगतनगर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन के निकट तेज रफ्तार बाइक आवारा मवेशी से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद ग्रामीण आनन-फानन तीनों घायलों को बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने राजू पुत्र सीताराम को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही सूचना पर पहुचें परिजनों में चीख पुकार मच गई। जबकि घायल अभिमन्यु व राजकुमार को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

गर्भवती महिलाओं की हुई गोदभराई, बच्चों का हुआ अन्नप्रासन

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा/मिथिलेश जायसवाल

बहराइच। आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में माह दिसम्बर के प्रथम शनिवार को तहसील नानपारा में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीएम ने पुलिस अधीक्षक बृंदा शुक्ला, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उप जिलाधिकारी अश्वनी पाण्डेय, पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रद्युम्न सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई की और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीएम मोनिका रानी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, जरूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रता के अनुसार लाभान्वित भी किया जाय। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 04 गर्भवती महिलाओं श्रीमती गीता, निकिता, रीनू व फुलसरा की गोद भराई की गई तथा 03 बच्चों आदिल, राजगीर व दिव्या को अन्नप्रासन भी कराया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय, सहायक निदेशक मत्स्य डॉ. जितेन्द्र कुमार, जिला कृषि अधिकारी सूबेदार यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मंजरी भारद्वाज, जिला गन्ना अधिकारी आनन्द कुमार शुक्ला सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, तहसीलदार अजय यादव, नायब तहसीलदार शैलेश अवस्थी व मनीष वर्मा, सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, सीडीपीओ व थानाध्यक्ष व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि तहसील नानपारा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस प्राप्त 73 प्रार्थना-पत्रों के सापेक्ष 10, तहसील सदर बहराइच में प्राप्त 09 के सापेक्ष 01, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 20 के सापेक्ष 02, पयागपुर में प्राप्त 109 के सापेक्ष 06, कैसरगंज में प्राप्त 98 के सापेक्ष 08 व महसी में प्राप्त 24 प्रार्थना-पत्रों के सापेक्ष 04 का मौके पर निस्तारण किया गया।

गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्राली ने दो ऑटो रिक्शा में मारी ठोकर

एक महिला की मौत, लगभग एक दर्जन घायल, तीन की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जिले के इमामगंज नहर पुलिया के पास गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्रॉली ने गुरुवार रात में ई रिक्शा और ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में ई रिक्शा सवार एक महिला की मौत हो गई। जबकि दोनों वहनों में सवार कुल 12 लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। खैरीघाट थाना क्षेत्र के इमामगंज नहर पुलिया के पास नानपारा चीनी मिल गन्ना लेकर जा रही ट्रैक्टर ट्रॉली ने पहले ई रिक्शा को टक्कर मार दी। इसके बाद अनियंत्रित होकर ऑटो से भीड़ गई। हादसे में ई रिक्शा में बैठे हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम बहदुरिया निवासी पंकज (23) पुत्र चेतराम, मीना (20) पत्नी चेतराम, शिवा जी पुत्र चेतराम, लक्ष्मी पत्नी पंकज और चालक घायल हो गए। वहीं इस हादसे में ऑटो में सवार कई लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी नानपारा पहुंचाया। यहां लक्ष्मी को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि हालत गंभीर होने पर पंकज, मीना, शिवा जी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि हादसे में महिला की मौत हुई है। उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जबकि 12 लोग घायल हुए हैं। इनमें तीन लोगों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। किंतु अब सभी खतरे से बाहर हैं।

दसवीं, बारहवीं के विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

प्रशस्ति पत्र पाकर बच्चे हुए गौरवान्वित

अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच। फखरपुर अंतर्गत ग्राम सभा नंदवल के रहने वाले पायनियर पब्लिक स्कूल यू0पी0 बोर्ड हाई स्कूल 2024 के छात्र आशुतोष श्रीवास्तव पुत्र वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने अपने स्कूल में टॉप कर सर्वाधिक अंक 91.6% लाकर अपने गुरु जन, माता पिता व कालेज का नाम रोशन किया। नन्दनी ग्रुप कालेज द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम गोनार्ध लान बहराइच में नन्दनी ग्रुप आफ कालेज के संस्थापक पूर्व सांसद कैसरगंज ब्रज भूषण शरण सिंह द्वारा गोल्ड मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कैसरगंज सांसद करण भूषण सिंह, पूर्व मंत्री मुकुट विहारी वर्मा, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल, पायनियर पब्लिक स्कूल के प्रबधक सैय्यद आसिफ किरमानी, जिलाध्यक्ष भाजपा बृजेश पाठक व भारी संख्या में छात्र व लोग मौजूद रहे।

मिहींपुरवा में संपन्न हुआ सेवा से संतृप्तिकरण अभियान

अमन लेखनी समाचार

मिहींपुरवा, बहराइच। विकासखंड मिहिपुरवा अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमराहना के एसपीबीपी इंटर कॉलेज मैदान में जिला अधिकारी बहराइच के द्वारा सेवा से संतृप्तिकरण के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जनपद के विभिन्न विभागों के द्वारा संचालित की जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टालों के माध्यम से लोगों को संतृप्त किया गया। इस दौरान कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक सरोज सोनकर ने फीता काटकर तथा जिला अधिकारी बहराइच मोनिका रानी तथा विधायक बलहा सरोज सोनकर, ब्लॉक प्रमुख अभिषेक वर्मा उर्फ सौरभ वर्मा एवं अन्य मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शिविर में जनपद के समस्त विभागों के द्वारा स्टाल लगाए गए थे जिसके माध्यम से पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया। जिसमें कन्या सुमंगलम योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, ग्रामीण आजीविका मिशन प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, पोषण किट, मुख्यमंत्री आवास प्रमाण पत्र, शौचालय प्रमाण पत्र आधार का संशोधन एवं नए आधार बनाए गए। राशन कार्ड का वितरण, चश्मा का वितरण, निराश्रित एवं विधवा पेंशन लाभार्थियों का स्वीकृति पत्र एवं बेबी किट वितरण किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए विधायक बलहा सरोज सोनकर ने जिलाधिकारी बहराइच तथा सहयोगी अधिकारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस आयोजन में प्रत्येक पात्र संतृप्त व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में मदद मिलेगी। विधायक ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मिशन 2047 से पूर्व भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में सहयोग मिलेगा। कार्यक्रम के अंत में डीएम तथा विधायक द्वारा उपस्थित अतिथि गणों एवं आमजन का आभार व्यक्त करते हुए लोगों से अपील की की सेवा से संतृप्तिकरण अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा क्षेत्र में इस अभियान का प्रचार प्रसार करें कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ प्राप्त किया जाए। इस दौरान उप जिलाधिकारी संजय कुमार, खंड विकास अधिकारी अजीत सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी अजीत प्रताप सिंह, एडीओ आसफाक अहमद, एपीओ अनिल तिवारी एवं समस्त विकासखंड के ग्राम पंचायत ग्राम विकास अधिकारी तथा क्षेत्रीय ग्राम प्रधान सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इसी कड़ी में एसपीबीपी इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया जिसकी सभी मुख्य अतिथियों ने सराहना की तथा बच्चों का उत्साह वर्धन करने के लिए उन्हें मेडल एवं पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन एडीओ कोऑपरेटिव उमेश यादव तथा कॉलेज के प्रबंधक अनिल कुमार कुशवाहा द्वारा कुशलपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में सरदार गुरमीत सिंह रामा दल मौर्य, ग्राम प्रधान चंद्रदेव, मनोज तिवारी, ग्राम प्रधान प्रेम राजभर सहित क्षेत्रीय ग्रामीण व बच्चे उपस्थित रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत, आक्रोशित परिजनो ने लगाया मार्ग जाम

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के मझखोरिया गांव के पास शनिवार को अज्ञात वाहन के टक्कर मारने से महिला की मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी पर आक्रोशित परिजनों ने शव रखकर पुरवा-उन्नाव मार्ग पर जाम लगा दिया। पुरवा नायब तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई का आश्वासन देकर मामला शांत कराया। उसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टपार्टम के लिए भेज दिया है। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के मझखोरिया गांव के रहने वाले सुशील गौड़ की 32 वर्षीय पत्नी आरती शनिवार घर से 500 मीटर दूरी स्थित बैगांव मोड़ सोलह मील के पास स्थित तालाब में पड़े सिंघाड़े की रखवाली करने जा रही थी। इसी दरमियान घर से कुछ दूरी पर पुरवा उन्नाव रोड़ पर पहुंची ही थी कि अज्ञात वाहन के टक्कर मारने से मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने आरती का शव पड़ा देख सन्न रह गए। आक्रोशित परिजनों ने पुरवा उन्नाव मार्ग पर हंगामा करते हुए रोड जाम कर दिया। जाम की खबर पर पहुंची पुरवा पुलिस को जाम खुलवाने में घंटों मशक्कत करनी पड़ी। ग्राम प्रधान विकास अवस्थी की सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार पुरवा विजय रंजन श्रीवास्तव ने आहत परिजनों को हर सम्भव मदद दिलाने का आश्वासन दिया है। उसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। मृतका आरती की मौत से उसके तीन बच्चे बड़ा बेटा नितिन (14), छोटी बेटी पल्लो (9) व छोटा बेटा वंश (3) का रो-रोकर बेहाल है।

अपना दल एस ने की मासिक बैठक

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। अपना दल एस की मासिक बैठक विधानसभा बांगरमऊ क्षेत्र के हरदोई रोड स्थित हरित लोक ढाबा के निकट विधानसभा कैंप कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम किसान कमेरो के मसीहा यशः काई डाङ्ग सोनेलाल पटेल संस्थापक अपना दल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष लखनऊ मंडल एवं कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अमरेश पटेल मौजूद रहे। बैठक को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष अमरेश पटेल ने कहा कि अभी हाल में यू0पी0 के उपचुनाव में एन0 डी0 ए0 ने दमदार वापसी की तथा महाराष्ट्र के चुनाव में भी पूर्ण बहुमत हासिल किया। इस जीत पर सभी कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ए-0 डी0 ए0का जनाधार लगातार बढ़ रहा है। अपनी पार्टी अपना दल एस भी 2027 चुनाव की तैयारी में अभी से जोरदारी से शुरूआत कर चुकी है जिस कारण प्रदेश की बैठकै मंडल वाइज की जा रही है। इसी के मद्देनजर जिला की बैठक भी विधानसभा वार करने का निर्णय लिया गया है। जिला उपाध्यक्ष डॉ राजेश पाल ने कहा कि सभी कार्यकर्ता विधानसभा स्तर पर सदस्यता अभियान चलाकर जोन, सेक्टर तथा बूथों का गठन जल्द से जल्द पूरा करने का संकल्प लें। बैठक की अध्यक्षता कार्यवाहक विधानसभा अध्यक्ष विकास पटेल ने किया तथा संचालन जिला उपाध्यक्ष डॉ राजेश पाल ने किया। बैठक में मुख्य रूप जिला अध्यक्ष सहकारिता मंच कौशल कुमार गुप्ता, कन्हैयालाल आर्य जिला अध्यक्ष आई0टी0 सेल जोन अध्यक्ष बलवंत पटेल, अतुल पटेल, जिला सचिव कुंवर पाल आर्य, कमल किशोर,, अमन शर्मा जिला सचिव युवा मंच, बंसीलाल अर्क बंसी जिला उपाध्यक्ष सांस्कृतिक मंच, शैलेंद्र कटियार सेक्टर अध्यक्ष, जगन्नाथ प्रजापति, सूरज बली गौतम, मोबीन खान, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

चोरी से सम्बन्धित दो वारंटियों को बैबाही पुलिस ने किया गया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बहराइच द्वारा पूर्व से वांछित चल रहे वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु दिये गये कड़े दिशा निर्देश के क्रम में, अ0पु0अ0 ग्रामीण व सीओ महसी डीके श्रीवास्तव के निर्देशन में थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा दिनांक 07.12.2024 को मु0स0 - 77/2000 धारा 458/380/411 भादवि में 02 नफर वारण्टी अभियुक्तों 1- श्यामबिहारी पुत्र रामजीवन 2- राम मनोरथ पुत्र चुन्नीलाल निवासी कुर्मिनपुरवा दा0 अरनवा थाना खैरीघाट जनपद बहराइच को थाना खैरीघाट पुलिस टीम से चौकी प्रभारी बैबाही टीएन मौर्या व कॉ0 धर्मेंद्र गौड़ द्वारा गिरफ्तार कर माननीय सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशो निदेशो का पालन करते हुये

गिरफ्तार शुदा अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु रवाना किया गया। गिरफ्तारी की सूचना वारण्टीगण के परिजनों को जरिये उचित माध्यम दी गयी।

आबकारी अधिनियम के तहत खैरीघाट पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। पुलिस अधीक्षक जनपद बहराइच द्वारा अवैध शराब के निर्माण व विक्री करने वालो के विरुद्ध दिये गये कड़े दिशा निर्देश के क्रम में अ0पु0अ0 ग्रामीण व सीओ महसी के निर्देशन में थानाध्यक्ष थाना खैरीघाट संजय कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा दिनांक 06.12.24 को समय करीब 18.25 बजे थाना खैरीघाट के बेहड़ा बाजार बन्धा से एक अभियुक्त दीपक कुमार सिंह पुत्र जगदीश सिंह नि० ग्राम बेहड़ा बाजार थाना खैरीघाट जनपद बहराइच को 67 अदद केन बीयर के साथ अन्तर्गत धारा 60 (1) आबकारी अधिनियम में गिरफ्तार कर माननीय सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशो निदेशों का पालन करते हुये जमानत मुचलके पर रिहा कर विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तारी की सूचना अभियुक्त के परिजनों को जरिये उचित माध्यम से दी गयी।

विद्युत करंट की चपेट से महिला झुलसी

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के नद्दी पुरवा गाँव निवासी रानी 30 पत्नी राम नरेश आज शनिवार सुबह अपने घर के बाहर फरार्टा पंखा लगाकर अनाज साफ कर रही थी तभी पंखा घुमाते समाने दौरान उसका हाँथ खुले तारों से गया जिससे वह विद्युत करेंट की चपेट में आकर गम्भीर रूप से झुलस गई जानकारी होने पर आनंद-खनन परिजनों ने उसे बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

हापुड़ में सर्राफा की दुकान में चोरी

नकदी और गहने ले गए चोर, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

अमन लेखनी समाचार

हापुड़, हापुड़ के कोतवाली देहात इलाके के गांव धनौरा में चोरों ने सर्राफ की दुकान का शटर तोड़कर हजारों रुपए के चांदी के आभूषण और नकदी चोरी कर ली।

चोरी की जानकारी पर पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच-पड़ताल की। थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के स्वर्ग आश्रम रोड स्थित मोहल्ला केशव नगर के नितेश ने बताया कि उसकी गांव धनौरा के मुख्य मार्ग पर श्री गणेश ज्वेलर्स के नाम से सर्राफ की दुकान है। बुधवार देर शाम वह दुकान बंद कर घर लौट गए थे। देर रात दुकान पर लगा शटर उखाड़ कर चोर दुकान के अंदर दाखिल हो गए। चोरों ने दुकान से ढाई सौ ग्राम चांदी के आभूषण और 1 हजार रुपए चोरी कर लिए और फरार हो गए। चोरी की घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में कैद हो गए। बृहस्पतिवार सुबह पीड़ित दुकान पर पहुंचा तो शटर उखड़ा देखकर उसके होश उड़ गए। इसके बाद उसे चोरी की जानकारी हुई। मामले की सूचना पुलिस को दी। कोतवाली देहात प्रभारी सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित मामले की जांच की जा रही है। जल्द घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

परिषदीय विद्यालय बेडनापुर में सम्पन्न हुआ खेल दिवस

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। बीते शनिवार को प्राथमिक विद्यालय बड़नापुर के परिसर में हुमाना संस्था के जिला समन्यवक सोनू यादव के निर्देशन में कदम प्रोग्राम के अंतर्गत स्पोर्ट्स डे का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के खेल जैसे कबड्डी, खो खो, म्यूज़िकल चेयर आदि खेल सम्पन्न हुए, विजेता टीम को प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर नागवंशी के द्वारा पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्रीमती रागिनी अग्रवाल, श्रीमती उपमा शुक्ला, अनुराग मिश्रा, मनीषा सिंह, अखिलेश त्रिपाठी, सुमन देवी आदि मौजूद रहे।

ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ शहर में चला विशेष अभियान

उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई, डीएम और एसपी ने किया पैदल गश्त

अमन लेखनी समाचार

बांदा, बांदा जिले में तेज ध्वनि प्रदूषण (साउंड पॉल्यूशन) के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व बांदा जिलाधिकारी और बांदा पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने किया। अभियान के दौरान दोनों अधिकारियों ने शहर क्षेत्र में पैदल गश्त की और तेज आवाज वाले म्यूजिक सिस्टम, सार्वजनिक आयोजनों में शोर और अन्य व्यवस्थित ध्वनियों पर रोक लगाने की चेतावनी दी। अभियान का उद्देश्य उन स्थानों पर विशेष ध्यान देना था जहां तेज ध्वनि प्रदूषण के कारण स्थानीय लोगों को असुविधा हो रही थी। यह कार्रवाई जनपद में शांति और सुखमय वातावरण बनाए रखने के लिए की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया गया कि वे अधिक ध्वनि न करें जिससे दूसरों को परेशानी न हो। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बताया कि इस अभियान के दौरान सभी म्यूजिक सिस्टम के मालिकों को निर्देश दिया गया कि वे ध्वनि स्तर को नियंत्रित रखें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति फिर से ध्वनि प्रदूषण करेगा, तो डीजे मालिकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बांदा जनपद में ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करना और शांति का वातावरण बनाए रखना है। पुलिस प्रशासन ने स्थानीय निवासियों से अपील की है

संक्षेप

जमीनी विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़े, आठ पर केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोडरीकला में भूमि के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। पुलिस ने दोनो पक्ष के आठ लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से कोडरिकला निवासी महेन्द्री देवी पत्नी राजेंद्र निषाद और ज्ञानमती देवी पत्नी बजरंगी के बीच खेत बुआई किए गए सरसों के उखाड़ लेने को लेकर दोनो पक्ष के स्वजन आपस में भिड़ गए थे। पुलिस ने ज्ञानमती देवी की शिकायत पर महेंद्री, रीता, विन्ध्वासिनी, आकाश के खिलाफ की दर्ज कर लिया है। वही महेंद्री की शिकायत पर निक्की निषाद, ज्ञानमती, नीतू, बजरंगी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

बुलंदशहर में पनीर बनाने की फैक्ट्री में छापा

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, खाद्य सुरक्षा विभाग ने खुर्जा में पनीर बनाने की फैक्ट्री में छापा मारा। खाद्य सुरक्षा टीम ने छापेमारी के दौरान खुर्जा के अमीरपुर में फैक्ट्री से 25 किलो पनीर, 10 बैक स्किम्ड मिल्क पाउडर, पामोलिन तेल बरामद किया। खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त विनीत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि स्किम्ड मिल्क पाउडर और रिफाइंड पामोलिन तेल केमिकल पेस्ट को मिलाकर पनीर तैयार किया जा रहा था। सभी के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। खाद्य विभाग के सहायक आयुक्त विनित कुमार ने बताया कि फैक्ट्री मालिक से केमिकल ओके सप्लायर के संबंध में पूछताछ की जा रही है। सहायक आयुक्त विनीत कुमार ने बताया की फैक्ट्री संचालक के खिलाफ खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा की गई छापेमारी के दौरान मौके से भारी मात्रा में पनीर बरामद हुआ। खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त के निदेर्शों पर विभागीय टीम ने मौके पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान केमिकल और मिल्क पाउडर और पामोलिन तेल से पनीर बनाने की तैयारी चल रही थी। मौके पर पहुंची टीम में सभी पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए। छापेमारी के दौरान टीम में पंकज वर्मा, महेश कुमार, राममिलन राणा, सेनेटरी सुपरवाइजर बिहारी लाल शुक्ल रहे।

नोएडा में 67 साल पुराने प्राथमिक स्वास्थ्य-केंद्र की बिल्डिंग जर्जर

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, नोएडा के दनकौर कस्बे में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र काफी वर्षों से खुद बीमार पड़ा हुआ है। अस्पताल की बिल्डिंग जर्जर होने की वजह से वहां पर तैनात डॉक्टर और अन्य कर्मचारियों की जान को भी खतरा बना हुआ है। आए दिन बिल्डिंग का प्लास्टर गिरने से लोगों की जान खतरे में है। जिसकी वजह से अब मरीज भी यहां कम आने लगे हैं।

वन विभाग को सूचना देने के बाद भी लकड़ी माफिया काट ले गया पेड़

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र में पेड़ो के अवैध कटान पर रोक नहीं लग पा रहा है।ग्रामीणों की सूचना के बावजूद ठेकेदार ने हरे आम के पेड़ को काटकर सड़क में गिरा दिया।लेकिन जिम्मेदारों के कान पर जू नहीं रेगा। पर्यावरण संरक्षण को लेकर सरकार एक तरफ पौधा रोपड़ को बढ़ावा दे रही है।वही सहजनवा रेंज के जिम्मेदारों को इससे मतलब नहीं है।स्थानीय थाना क्षेत्र के मुंडा स्थित पोखरे पर आम का हरा पेड़ ठेकेदार अवैध रूप से दोपहर में कटवा रहा था।ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी।लेकिन इसके बावजूद पेड़ कट गया। विदित हो कि एक सप्ताह पूर्व सुगौना में सागौन के 20 पेड़ कट गए और विभाग को पता नहीं चला।बाद में मामला जब ऊपर तक पहुंचा तो ठिकेदार के खिलाफ वन संरक्षण अधिनियम में कार्रवाई कर मामले की लीपापोती कर दी गई। इस संदर्भ में वन दरोगा आशुतोष तिवारी ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है जांच कराकर कारवाई की जायेगी।

कूटरचित आधार से फर्जी करा लिया वरासत पीड़ित ने किया शिकायत

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा तहसील क्षेत्र के कोलिया में जालसाजों ने कूटरचित आधार से फर्जी वरासत करा कर भूमि बेच रहे है।पीड़ित ने उपजिलाधिकारी सहजनवा से शिकायत कर जांच कराकर कारवाई करने की मांग किया है। मिली जानकारी से तहसील क्षेत्र के कोलिया इंदल पुत्र रूपम जिनका गांव के सीवान में गाटा 75 भूमि सरकारी अभिलेख में पूर्वजों के नाम से दर्ज होता चला आ रहा है। इस भूमि पर कुछ जालसाजों ने राजस्व कर्मियों से मिलकर कूटरचित आधार से फर्जी वरासत करा लिया है और भूमि को बैनामा कर रहे है। जालसाजों ने जो नाम पता दर्ज कराया है। उस स्थान का पता नहीं है। पीड़ित ने एसडीएम से शिकायत कर जांच कराकर कारवाई करने की मांग किया है। इस संदर्भ में उपजिलाधिकारी सहजनवा दीपक गुप्ता ने कहा कि शिकायत मिली है। प्रकरण की जांच कराकर कारवाई कराई जाएगी।

बीआईटी में फार्मा कॉन्क्लेव सेमिनार का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गोरखपुर में मेडिकल व फार्मा के क्षेत्र में भविष्य की संभावनाओं की दृष्टिगत फार्मा कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। इस प्रतिष्ठित कॉन्क्लेव सेमिनार के मुख्य अतिथि गोरखपुर नगर निगम के महापौर डा0 मंगलेश श्रीवास्तव व फार्मा क्षेत्र के नामचीन हस्तियां एवं विशेषज्ञों के साथ दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि डा0 मंगलेश श्रीवास्तव ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि फार्मा क्षेत्र का सीधा संबंध आपके स्वास्थ्य व जीवन से संबंधित है। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे संस्थान के सचिव डॉ0 रजत अग्रवाल ने कहा कि फार्मा क्षेत्र मानव के स्वास्थ्य एवं जीवन की रक्षक है फार्मा क्षेत्र सभी प्राणियों के सामान्य भाव से सेवा कर जीवन सुलभ बनाने का कार्य करता है। अतिथियों का निदेशक प्रशासन दीपक अग्रवाल द्वारा किया गया। इस दौरान सी0टी0ओ0 प्रो0 एन0 गुरु प्रसाद, डॉ0 लतेन्द्र श्रीवास्तव, डॉ0 प्रशांत सिंह, सुशील तिवारी, शिवानी जायसवाल, नवनीत वर्मा व संदीप निगम सहित संस्थान के शिक्षक कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

खेत पर कब्जा करने को लेकर पीड़िता ने एसडीएम से लगाई गुहार

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के रामपुर निवासी अनीता गुप्ता ने दबंगों द्वारा खेत पर कब्जा जमाने के लिए तहसील दिवस पर पहुचकर एसडीएम से गुहार लगाई है। दबंगों ने पहले उसके बोये हुए गेंहू के खेत को ट्रेक्टर से जोत दिया और फिर उस कब्जा का नियत बनाये हुए हैं। एसडीएम सहजनवा ने मामले का गंभीरता से संज्ञान लिया है। अनीता ने हरपुर थाना क्षेत्र के रामपुर निवासी त्रिलोकी शुक्ल की 15 डिस मिल जमीन बतौर बैनामे के रूप में ली थी और जमीन को जोत- बो रही थी। रवि की फसल की बुवाई की गयी थी। फिर अचानक सह खातेदारों द्वारा गोलबंद होकर बोये हुए गेहूं को जोत दिया। हफ्तों से महिला थाने से लेकर तहसील का चक्कर काट रही है परंतु उसकी फरियाद सुनने वाला कोई नहीं दिख रहा है। उक्त संदर्भ- में उप जिला अधिकारी सहजनवा दीपक कुमार गुप्ता ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में आया है। थाना प्रभारी हरपुर व कानून सहजनवा को मामले की जांच करने को कहा है। प्रकरण पर मेरी नजर है।

सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 105 मामले 5 का हुआ निस्तारण

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी सहजनवा दीपक कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस दौरान 101 मामले आए थे। जिसमे 5 मामले का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। राजस्व 52, पुलिस 17, विकास 10, अन्य 22 मामले आए थे। राजस्व संबंधित मामले के निस्तारण के लिए राजस्व टीम गठित किया गया। जब कि पुलिस के मामले की जांच कर कारवाई करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान तहसीलदार राकेश कन्नौजिया, नायब तहसीलदार भान प्रताप सिंह, बीडीओ सत्यम तोमर सहित अनेक विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

समाधान दिवस पर खाली कुर्सी भरने की उठी मांग

डीएम व एसडीएम से मिलकर अधिवक्ता संघ ने न्यायिक तथा तहसीलदार न्यायिक के पद भरने की मांग किया

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी/फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद में बिंदकी तहसील में अधिवक्ता संघ के लोगों ने संपूर्ण समाधान दिवस में मौजूद जिला अधिकारी से मुलाकात किया और एक पत्र सौंप कर मांग किया कि रिक्त पड़े उपजिला अधिकारी न्यायिक तथा तहसीलदार न्यायिक के पद को भरा जाए कहां गया कि रिक्त पद होने के कारण वाद के निस्तारण में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है अनावश्यक समय बर्बाद होता है कस्बे के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अधिवक्ता संघ तहसील बिंदकी के लोग पहुंचे। जिलाधिकारी को एक पत्र सौंप कर मांग किया कि तहसील बिंदकी में यूपी जिला अधिकारी न्यायिक पद का लगभग 6 माह से खाली है जिससे आम जनता को बहुत परेशानी हो रही है एवं वादों का निस्तारण ना होने पाने की वजह से मुकदमों का भार बढ़ता जा रहा है। अधिवक्ता संघ ने यह भी मांग किया की तहसील बिंदकी में तहसीलदार न्यायिक का पद लगभग 2 वर्षों से खाली चला है जिससे वह वादकारी जनता परेशान हो रही है। यह भी शिकायत की गई की तहसील कंपाउंड में सुलभ शौचालय की स्थिति बहुत खराब है जिससे तहसील में आने वाले पुरुष तथा महिलाओं को परेशानी होती है। यह भी शिकायत की गई की तहसील बिंदकी में स्थित कंप्यूटर केंद्र में कर्मचारियों द्वारा समय से आदेशों की फीडिंग नहीं की जा रही है जिससे बहुत से आदेशों के परवाने खो जाते हैं। अधिवक्ताओं ने यह भी मांग किया की तहसील परिसर के दक्षिणी गेट से सड़क की दूरी लगभग 15 मीटर एवं ग्राम न्यायालय के सामने की लगभग 35 मी लंबे रास्ते में पक्की सड़क बनवा जाए। जिलाधिकारी ने अधिवक्ता संघ की समस्या सुनकर समस्याएं हल करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर अधिवक्ता संघ बिंदकी के अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव महामंत्री बृजेश कुमार बाजपेई के अलावा अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मी शंकर यादव सुशील वाजपेई दीप नारायण तिवारी ज्ञानेंद्र सिंह के अलावा अधिवक्ता राजेंद्र मिश्रा अरुण द्विवेदी बीरबल यादव रामनारायण अग्निहोत्री अश्वनी मिश्रा सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

चोरों के हौसले बुलंद सप्ताह के अंदर दूसरी चोरी

बाल बाल बची यूपी बड़ौदा बैंक असफल रहे लुटेरे

अमन लेखनी समाचार

बकेवर, फतेहपुर। जनपद के बकेवर थाना क्षेत्र अंतर्गत शकूराबाद में स्थापित बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक में चोरों ने बिगत रात्रि धावा मारा अभी तीन दिन पहले 4 दिसंबर की रात्रि थाना क्षेत्र के सुजावलपुर गांव में हुई लाखों की चोरी के घाव भरे नहीं थे और चोरों ने अपने हौसले बुलंद करते हुए दूसरी घटना को अंजाम देने में तत्पर हो गए अज्ञात चोरों ने देर रात्रि बैंक के पीछे की दीवार काटकर सेंध लगाने का प्रयास किया जहां से असफल हुए असफल हुए चोरों ने बैंक के मुख्य दरवाजे के शटर में लगे ताले गैस कटर के माध्यम से काट दिए और बैंक के अंदर घुस गए सूझबूझ से काम करते हुए चोरों ने बैंक में लगे सायरन का भी तार काट दिया बैंक के अंदर जाकर चोरों ने कागजात की अलमारी को गैस कटर के माध्यम से काटना चाहा जिसकी भनक पड़ोसियों को लगी जहां शंका होने पर लोगों ने पुलिस प्रशासन 112 को सूचना दी देर रात्रि बकेवर थाना प्रशासन मौके पर पहुंचा वहीं बैंक में कार्यरत कैशियर विक्रांत सचान व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी चंद्रभान इत्यादि को भी सूचना दी गई जो मौके पर पहुंचे परंतु सौभाग्य रहा का किसी भी प्रकार का आर्थिक नुकसान नहीं पहुंचा वही थाना प्रभारी संगीता सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि फोरेंसिक टीम द्वारा आवश्यक साक्ष जुटाए गए हैं तथा सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं इसी प्रकार विगत दिवस सुजावलपुर गांव में हुई लाखों की चोरी का भी खुलासा करने में प्रशासन तन्मयता से जुटा हुआ है हैरतअंगेज बात यह है कि थाना प्रभारी समेत संपूर्ण प्रशासन की कड़ी चौकसी के बाद भी चोरों के हौसले बुलंद दिखाई दे रहे हैं जहां एक सप्ताह के अंदर ही दूसरी घटना सामने आई

धान खरीद के करोड़ों रुपए न मिलने से किसानों ने डीएम से की शिकायत

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। जनपद के कोतवाली बिंदकी में विगत दिनों धान खरीद का रूपया नही मिला था जहां धान खरीद का लगभग 10 करोड़ रूपया न मिलने से पीड़ित तमाम लोग नगर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे। पीड़ित लोगों ने संपूर्ण समाधान दिवस में मौजूद जिला अधिकारी से मांग किया कि उन्हें उनका पैसा दिलाया जाए। अधिकारियों ने कार्रवाई कर उन्हें पैसा दिलाए जाने का आश्वासन दिया। बताते चलें कि बिंदकी कस्बे के कुंवरपुर रोड स्थित गरिमा ट्रेडर्स में भारी मात्रा में धान खरीद की गई थी। धान खरीद करने के बाद लोगों को उनका बिना पैसा दिए धान खरीदार ताला बंद कर भाग निकले थे। इस मामले में पीड़ित लोगों की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था जिसमें से एक आरोपी पुलिस के हिरासत में जबकि तीन लोग अभी भी फरार हैं । इसी मामले में शनिवार को बिंदकी कस्बे के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में मौजूद फतेहपुर जनपद के जिलाधिकारी से पीड़ित लोगों ने लिखित शिकायत किया कहा कि वह लोग लगातार परेशान है उनका पैसा वापस नहीं मिल पा रहा है। पीड़ित रिंकू साहू ने कहा कि जिन जिन लोगों ने धान खरीदा है उनसे पैसा वापस दिलाया जाए। आरोपियों से सख्ती से पेश आया जाए। पीड़ित अभिलाख ने कहा कि बाकी आरोपियों को भी पकड़ कर पैसा दिलाने का काम किया जाए। इस मौके पर पीड़ित नफीस शैलेंद्र शुक्ला दीपक सिंह कुलदीप मौर्य कुलदीप साहू अजय सिंह आशीष रोहित संजय भूप सिंह आदि मौजूद रहे।

मेरठ में रिटायर फौजी का बेटा निकला कुंडल लुटेरा

सड़क चलती महिलाओं से छिनैती कर सर्राफ को बेचता था जेवर, दोनों अरेस्ट

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ में रिटायर फौजी का बेटा स्नैचर निकला। युवक सड़क चलती महिलाओं के कानों से कुंडल, गले से चेन, मंगलसूत्र लूटता। लूटे हुए जेवर को सदर बाजार में एक सराफा कारोबारी को बेच देता। लंबे समय से युवक लूट, छिनैती की घटनाएं कर रहा था। पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने उसे अरेस्ट कर जेल भेज दिया है। दरअसल मेरठ के सदर बाजार थाना क्षेत्र में 1 दिसंबर को एक महिला से कानों के कुंडल छीने गए थे। महिला घायल भी हो गई थी। पीड़िता की तरफ से मिली शिकायत के बाद पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही थी। पुलिस ने आसपास के इलाकों के सीसीटीवी खंगाले और आरोपी तक पहुंची। बुधवार को पुलिस ने घटना का खुलासा कर दिया। सीओ कैंट और सीओ सिविल लाइन की टीम ने मिलकर 2 आरोपियों को अरेस्ट किया। एक आरोपी बादल चौधरी उर्फ बाबा पुत्र धर्मेंद्र सिंह है। जो गंगा वाटिका मेरठ का रहने वाला है। दूसरा आरोपी सरार्फा कारोबारी गोपाल जैन पुत्र स्व. ब्रजमोहन जैन हैं। जो सदर दुगार्बाड़ी का रहने वाला है। दोनों के कब्जे से पुलिस को महिला से लूटे गए कानों के कुंडल बरामद हुए हैं। बादल के पिता फौज से रिटायर हैं। बादल पर मेरठ के तमाम थानों में 13 मुकदमे दर्ज हैं। 2021 से लगातार बादल छिनैती, लूट करता चला आ रहा है। वहीं सराफा कारोबारी गोपाल जैन पर 3 मुकदमे हैं। बादल सड़क पर चलती महिलाओं से जेवर छीनता। लूट का माल वो गोपाल जैन को जाकर बेचता था।

इनके पास लूट के कुंडल भी पुलिस ने बरामद किए हैं। सीओ कैंट प्रकाश चंद अग्रवाल ने बताया कि महिला से कुंडल लूट मामले में 2 आरोपियो को अरेस्ट किया है। जिसमें एक युवक बादल के पिता सेना में रहे हैं। इस पर और भी थानों में मुकदमे हैं। बादल लूट करता और लूटे हुए माल को गोपाल जैन को जाकर बेचता था।

डीएम एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी जन समस्याएं

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद के कोतवाली बिंदकी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील बिन्दकी के श्री सोहन लाल द्विवेदी राजकीय बालिका इंटर कालेज के सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह व पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ। जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में शिकायतकर्ता अनुराग पटेल की भूमि पर कब्जे की शिकायत पर तहसीलदार बिन्दकी एवं एसएचओ मलवां को निर्देश दिए कि नियमानुसार जांच कर कायार्वाही करे। सांवलदास ग्राम बकेवर बुजुर्ग ने लेखपाल व ग्राम प्रधान द्वारा जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत पर तहसीलदार को जाँच कर आवश्यक कायार्वाही के निर्देश दिए एवं अनिल बाजपेयी ग्राम अजमतपुर द्वारा अन्नपूर्णा राशन की दुकान को चिन्हित स्थान के आलावा अन्य स्थान पर बनवाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार को मौके का मुआयना करते हुए आवश्यक कायार्वाही के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने विभाग से सम्बंधित प्राप्त शिकायती पत्रों का नियमानुसार करते हुए गुणवत्तापूर्ण ढंग से समयबद्धता के साथ प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित करे। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने गम्भीरता से सुना और संबंधित थानाध्यक्षों को शिकायतो का समयावधि में निस्तारण के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस बिन्दकी में कुल- 266 आमजन से शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, के सापेक्ष 03 का मौके पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा निस्तारण किया गया।इस मौके पर उप जिलाधिकारी बिंदकी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, तहसीलदार, परियोजना निदेशक डीआरडीए, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, राजस्व लेखपाल सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी से सरकारी नाला तोड़ डालने की शिकायत

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी/फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के बिंदकी तहसील के अंतर्गत ग्रामीणों ने संपूर्ण समाधान दिवस में मौजूद जिला अधिकारी से शिकायत किया कि गांव के कुछ लोगों ने सरकारी नल तोड़ दिया है जिससे गांव का गंदा पानी भरा हुआ है बाहर नहीं निकल पा रहा है संक्रामक बीमारी फैल सकती है ग्रामीणों ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर नल को यथा स्थिति रूप से बनवाने की मांग देवमई ब्लॉक क्षेत्र के चकपता मोहद्दीनपुर के तमाम ग्रामीण बिंदकी कस्बे के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शिकायत किया। बताया कि गांव में पिछले 20 साल से पानी के निकासी के लिए नाला था लेकिन गांव के राम शंकर ने नाला तुड़वा दिया है। जिसे गांव में गंदे पानी का भराव बना हुआ है कभी भी बीमारी फैल सकती है। ग्रामीणों ने जिला अधिकारी से मांग किया कि नाला को यथा स्थिति बनवाया जाए ताकि गांव का पानी बाहर निकल सके गांव के सीताराम ने बताया कि नाला तोड़ने से पानी नहीं निकल पा रहा है। सुरेंद्र ने कहा कि गंदा पानी भरने से बीमारी फैलने की आशंका है। गांव के बुजुर्ग श्री राम ने कहा कि पिछले 20 साल से नाला बना हुआ था जिसे तोड़ दिया गया है नाला को बनवाया जाए।

मुठभेड़ के दौरान दो गौ तस्कर गिरफ्तार

पुलिस की गोली लगने से घायल हुए दोनों, अवैध हथियार और कटान उपकरण बरामद

अमन लेखनी समाचार

बागपत, बागपत जिले के सिंघावली अहीर थाना पुलिस और सर्विलांस टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो गौ तस्करों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। ये तस्कर अवैध तरीके से गौ तस्करी में संलिप्त थे और उनके कब्जे से पुलिस ने दो अवैध तमंचे, तीन जिंदा कारतूस, पशु कटान के उपकरण और एक कार बरामद की है। गिरफ्तार तस्करों को गंभीर चोटें आईं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पूरा मामला सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के बसौदा गांव के जंगल का है। पुलिस और सर्विलांस टीम चेकिंग अभियान चला रहे थे, जब एक गाड़ी को आता देख पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया। चालक ने गाड़ी की रफ्तार बढ़ा दी, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर गाड़ी को रोक लिया। इसके बाद गौ तस्करों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक तस्कर के पैर में गोली लग गई। गिरफ्तार गौ तस्करों की पहचान नफीस पुत्र रफीक, निवासी दिल्ली और नईम पुत्र अब्दुल, निवासी गाजियाबाद के रूप में हुई है। गिरफ्तार अभियुक्त नईम पर पहले से ही अलग-अलग थाना क्षेत्रों में 15 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से अवैध हथियार, कारतूस और पशु कटान के उपकरण बरामद किए हैं, जो गौ तस्करी के लिए इस्तेमाल हो रहे थे। थाना सिंघावली अहीर के प्रभारी शिवदत्त ने बताया कि इस मुठभेड़ में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है और दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में पूरी जांच की जा रही है और तस्करी की पूरी नेटवर्क को तोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

कार से आए साधु के भेष में किडनैपर्स की ग्रामीणों ने की पिटाई

तीन बच्चों के अपहरण की कोशिश, एक हाथ में काटकर भागा

अमन लेखनी समाचार

सुल्तानपुर में साधु के भेष में गांव पहुंचे किडनैपर्स को ग्रामीणों ने पीट दिया। पिटाई का वीडियो भी सामने आया है। पकड़े गए किडनैपर्स पर स्कूली बच्चों की किडनैपिंग का आरोप है। ग्रामीणों के चंगुल से साधुओं को बचाकर थाने लाई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं बच्चों के अभिभावकों ने थाने में तहरीर दी है। मामला लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के चाचपारा गांव का है।

प्राथमिक विद्यालय चाचपारा स्कूल के पास शनिवार को साधुओं के भेष में किडनैपर्स ने सरेराह चार छात्रों को अगवा करने की कोशिश की। सभी कार से थे तीन बच्चे चुंगल से भागे लेकिन एक छात्र उनके चंगुल में आ गया, लेकिन उसने भी सूझबूझ का परिचय दिया। बताया जा रहा है बच्चे ने हाथ में दांत से काटा और गाड़ी से कूद गया। जिससे उसको मामूली चोट आई है।

तीनों साधुओं से पूछताछ कर रही है पुलिस

घटना की जानकारी देते बच्चे

रोते-बिलखते स्कूल पहुंचे बच्चे

इसके बाद तीनों छात्र सत्यम, प्रांजल, आदिती व अंश रोते बिलखते स्कूल पहुंचे। बच्चों ने प्रधानाध्यापिका मीना कुमारी को घटना की जानकारी दी। जिस पर तत्काल शिक्षकों ने डायल 112 के साथ साथ परिजनों को फोन पर सूचना दिया। ग्रामीण सक्रिय हुए ग्रामीणों ने तिवारीपुर के पास साधुओं को पकड़कर जमकर पिटाई की। सूचना पर पुलिस पहुंची। आरोपियों को कोतवाली लम्भुआ लेकर आई। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

सीओ लम्भुआ अब्दुस सलाम ने बताया

सीओ लम्भुआ अब्दुस सलाम ने बताया, मामला संज्ञान में है। कुछ तथ्य हाथ लगे हैं। हमारी जांच जारी है। तीनों आरोपी यूपी के ही हैं। तहरीर मिली है, जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

क्षेत्र में घूम रही इनकी तीन गाड़ियां

गांव के बृजेश यादव बताते हैं कि तीन लोग जो गाड़ी से आए हैं बता रहे हम नोएडा से आए हैं ये हमारी ग्राम सभा के तीन बच्चों को गाड़ी में बैठा रहे थे। कहे की हम तुम्हें आगे छोड़ देंगे। इनके साथ दो टू व्हीलर गाड़ी हैं और इनकी तीन गाड़ियां क्षेत्र में निकली हैं। बच्चे बाल बाल बचे हैं।

नशीली दवाएं लिए थे साधु

वहीं चारों बच्चों के परिवार वालों ने संयुक्त रूप से एक तहरीर पुलिस में दी है। जगदीशपुर ग्राम सभा के चाचपारा निवासी अमर यादव ने बताया सुबह 7 बजे बाबा का ये गिरोह फोर व्हीलर से आया था। ये लोग रास्ता पूछ रहे थे, उसके बाद ये लोग गौतमपुर गए। थाने में तीनों आरोपी साधुओं से पुलिस पूछताछ कर रही है। वापसी में ये लोग जब बच्चे स्कूल जा रहे थे तो उन्हें खींच कर ये गाड़ी में बैठा रहे थे। इनके पास नशीली दवा भी थी। जब ग्रामीणों को पता चला तो चीख पुकार हुई तो इन्हें घेर कर पकड़ा गया। पुलिस को सूचित किया गया और उन्हें थाने पर भेजा गया है।

तीन अभियुक्तों के विरुद्ध की गयी जिलाबदर की कार्यवाही

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही व प्रभावी पैरवी के क्रम में माननीय न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट व अपर जिला मजिस्ट्रेट हमीरपुर द्वारा जनपद के थाना मझगवां, जरिया व थाना जलालपुर से सम्बन्धित गुण्डा अपराधियों को जनपद हमीरपुर की सीमा से 6 माह के लिये निष्कासित कर जिलाबदर किया गया है। पारित आदेश में आदेशित किया गया है कि जिलाबदर की अवधि में निष्कासित किये गए जिलाबदर अपराधी दीपू उर्फ रित्तू उर्फ नीतेन्द्र पुत्र राधाचरण उर्फ रग्घू लोधी निवासी ग्राम टोलारावत थाना मझगवां, मूरतध्वज राजपूत पुत्र नारायण दास निवासी ग्राम इटौलियाबाजा थाना जरिया तथा सचित पुत्र भगवानदास उर्फ बौरा निवासी ग्राम बिलगांव थाना जलालपुर अपने साथ किसी प्रकार का शस्त्र व अग्नेयास्त्र लेकर नहीं चलेंगे एवं 6 माह की अवधि तक जनपद हमीरपुर की सीमा में प्रवेश नहीं करेंगे। साथ ही बाहरी जनपद में जिस स्थान पर निवास करेंगे उसकी सूचना सम्बन्धित न्यायालय एवं स्थानीय पुलिस को भी देंगे।

30 वर्ष से छिपकर रह रहा वारंटी अभियुक्त हुआ गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत अपना नाम बदलकर करीब 30 वर्षो से खुद को छिपाकर रह रहे वारंटी अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा है। मौदहा कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि वर्ष 1990 में धारा 25 आर्म्स एक्ट के थाना खन्ना जनपद महोबा से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त अजय पाल सिंह उर्फ गिरजू पुत्र रामसजीवन सिंह निवासी मवई बुजुर्ग थाना कोतवाली जिला बांदा, जो अपना नाम बदलकर करीब 30 वर्षो से खुद को छिपाये हुए मौदहा कोतवाली क्षेत्र में रह रहा था। उक्त वारण्टी अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर बताये गये हुलिया के अनुरूप अथक प्रयास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में मौदहा कोतवाली के उपनिरीक्षक राजेश सिंह, हेड कांस्टेबल संजय कुमार शामिल रहे।

बैनामे की जमीन पर दबंग कर रहे कब्जा

अमन लेखनी समाचार

अमेठी में बैनामे की जमीन पर दबंग कब्जा कर रहे हैं। पीड़ित द्वारा कई बार इसकी शिकायत थाने से लेकर प्रशासन से की गई बावजूद इसके कोई कार्रवाई नहीं हुई। आज अमेठी पहुंचे पीड़ित ने मामले की शिकायत तहसील दिवस में की, जिसके बाद एडीएम ने संबंधित सीओ को जांच का आदेश दिया है। पूरा मामला पीपरपुर थाना क्षेत्र के नगरडीह गांव का है, जहां के रहने वाले पुष्पेंद्र सिंह द्वारा गाटा संख्या 414 का बैनामा लिया गया था और उस पर दो मंजिला मकान का भी निर्माण किया जा चुका है। इसी गाटा के सामने गाटा संख्या 415 को भी पुष्पेंद्र ने बैनामा करवा लिया है और उस तरफ दरवाजा लगाकर सेहन के रूप में इस्तेमाल करता है। आरोप है कि विपक्षी हेमंत कुमार सिंह, अविनाश उर्फ गोल्डी और अशोक कुमार सिंह द्वारा बैनामे की जमीन पर थाना प्रभारी पीपरपुर के सहयोग से जबरन निर्माण कर रहे हैं।

अपर जिलाधिकारी ने किया सैनिकों के कल्याणार्थ स्मारिका का विमोचन

शहीद सैनिकों के आश्रितों, पूर्व सैनिकों के लिये जनमानस दिल खोलकर करें दान

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास अधिकारी ने बताया कि जनपद में आज सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के शुभ अवसर पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय अमेठी के द्वारा अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अर्पित गुप्ता को प्रतीक स्वरूप झण्डा लगाया गया तथा निदेशक सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास उ०प्र० लखनऊ द्वारा सैनिकों के कल्याणार्थ प्रकाशित स्मारिका का विमोचन किया गया। इस क्रम में उन्होंने बताया कि अपर जिलाधिकारी द्वारा जनपद के समस्त नागरिकों व कलेक्ट्रेट परिसर में उपस्थित जनों से सेना झण्डा दिवस के अवसर पर शहीद सैनिकों के आश्रितों एवं पूर्व सैनिकों के कल्याणार्थ धन संग्रह हेतु जनपदवासियों से दान करने की अपील भी किया गया। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर कार्यालय के उपस्थित कर्मचारीगण रवीन्द्र नारायण, रैयाज अहमद, खुर्शीद हुसैन एवं पूर्व सैनिकों द्वारा उक्त आयोजित कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया गया।

राजीव गांधी विमानन विश्विद्यालय में दीक्षांत समारोह का आयोजन

137 छात्र-छात्राओं को मिली डिग्री-डिप्लोमा, केंद्रीय विमानन मंत्री रहे चीफ गेस्ट

अमन लेखनी समाचार

अमेठी(ब्युरो) फुरसतगंज स्थित राजीव गांधी विमानन विश्वविद्यालय के ऐतिहासिक पहले दीक्षांत समारोह में हिस्सा लिया। इस खास मौके पर विश्वविद्यालय के 137 छात्र-छात्राओं को डिग्री और डिप्लोमा प्रदान किए गए। कार्यक्रम में नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सचिव भी मौजूद रहे राजीव गांधी विमानन विश्वविद्यालय, जो देश का पहला एविएशन विश्वविद्यालय है, के दीक्षांत समारोह का आयोजन तिलोई के फुरसतगंज में किया गया। केंद्रीय मंत्री ने अपने संबोधन में कहा, "यह विश्वविद्यालय भारत के एविएशन सेक्टर को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के तहत पिछले 10 सालों में हवाई अड्डों की संख्या 74 से बढ़ाकर 157 कर दी गई है। हमारा लक्ष्य अगले 20 वर्षों में 150 से 200 और नए एयरपोर्ट बनाने का है। रकिंजरापु राम मोहन नायडू ने एविएशन सेक्टर में रोजगार के बढ़ते अवसरों का जिक्र करते हुए कहा कि भारत में इस क्षेत्र का तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने कहा, "हमारे युवाओं के लिए एविएशन सेक्टर में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं। विश्वविद्यालय के छात्रों को भी मंत्रालय का पूरा समर्थन मिलेगा।" इस ऐतिहासिक आयोजन ने न केवल छात्रों के लिए एक नए युग की शुरूआत की, बल्कि भारत के एविएशन सेक्टर को और मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हुआ।

अलग अलग सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। क्षेत्र में हुई अलग अलग सड़क सड़क घटनाओं में दो लोग घायल हो गये। दोनों घायलों को लहूलुहान हालत में राहगीरो की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उन्हें सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। मौदहा कस्बा निवासी रोहित 35 वर्ष पुत्र बारेलाल शुक्रवार की शाम बाइक से अपने घर की ओर आते समय बाइक का संतुलन बिगड़ जाने से बाइक सहित सड़क पर गिरकर घायल हो गया। लहूलुहान हालत में राहगीरों की मदद से उसे कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। दूसरी घटना में रामविशाल 58 वर्ष पुत्र रघुबरिया निवासी मटौंध जिला बाँदा को सड़क दुर्घटना में घायल हो जाने पर राहगीरों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

केंद्रीय विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया सशस्त्र सेना झंडा दिवस

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। सुमेरपुर कस्बे में स्थित केंद्रीय विद्यालय में सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में कक्षा नौवीं की छात्रा आराध्या द्वारा प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। छात्रा गौरी ने भाषण के माध्यम से झंडा दिवस की महत्ता और इसके आयोजित होने के उद्देश्य पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक गुरजीत सिंह द्वारा किया गया। प्राचार्य योगेंद्र नाथ राम ने सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण हेतु समर्पित इस दिवस के मुख्य बिंदुओं पर चर्चा कर विद्यार्थियों को देश प्रेम व सद्भाव की भावना हेतु प्रेरित करते हुए राष्ट्र की सेवा हेतु संकल्पित किया। कार्यक्रम में शिक्षक निशांत, मयंक, कुलदीप, श्रद्धा, अंकिता, आस्था, शिवम, मनीष आदि उपस्थित रहे।

बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस का चेकिंग अभियान



अमन लेखनी समाचार

अमेठी बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था व अपराधियों पर निगरानी में जनपद के सभी थानों द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न बैंक शाखाओं एवं वित्तीय संस्थानों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था को जांचा गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न बैंक शाखाओं, एटीएम एवं ग्राहक सेवा केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर बैंकों के अंदर-बाहर व आसपास खड़े संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों, दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी तथा नई उम्र के लड़कों की चेकिंग व पूछताछ की गई। बैंक प्रबंधक से सीसीटीवी कैमरा, सायरन व सुरक्षागार्ड आदि के बारे में जानकारी ली गयी। बैंक ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों की उपस्थिति को जांच कर सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने हेतु निर्देश दिये गये।

जतीन्द्रनाथ मुखर्जी उर्फ बाघा जतीन की मनाई गई जयन्ती

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर।संस्था के तत्वावधान मे विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है कू तहत आजादी के संघर्ष के एक साहसी सूर जतीन्द्रनाथ मुखर्जी उर्फ बाघा जतीन की जयन्ती 07 दिसम्बर पर संस्था प्रमुख डा भवानीदीन ने श्रद्धान्जलि अर्पित की, उन्होंने कहा कि बाघा जतीन वास्तव मे मा भारती के एक युवा लौह वीर थे, जतीन के आजादी के प्रति सहभाग हको विस्मृत नहीं किया जा सकता है, जतीन शिक्षा प्राप्त करने के बाद पुरी तरह क्रातिकारी हो गये, 27 वर्ष की आयु मे बाघ को मारने के बाद बाघा जतीन के नाम से जाने गये, जतीन के नेतृत्व मे कई राजनैतिक डकैतियां डाली गयी, ये अरविंद घोष और बारीन्द्र घोष से जुडे होने के साथ सार अनुशीलन समिति और युगांतर दल से जुडे थे, इन्होंने एक बम कारखाना भी स्थापित कराया था, पुलिस इनके पीछे पडीं थी, ये 1910 मे पकडे गये थे, पुलिस के साथ मुकाबले मे ये बुरी तरह घायल हो गये थे, इनका 10 सितम्बर 1915 को 35 वर्ष की आयु मे निधन हो गया था। कार्यक्रम मे अशोक अवस्थी, सिद्धा, प्रेम, सागर, पंकज सिंह, रिचा, भोलू, महावीर, संतोष, विकास आशुतोष, मनबोधन, दस्सी और अजय आदि शामिल रहे।

अधेड़ ने नीम के पेड़ में लगायी फांसी परिजनों ने कराया अस्पताल में भर्ती

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। घरेलू कलह के चलते एक अधेड़ ने नीम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। परिजनो ने आनन-फानन उसे फांसी से उतारकर कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार बिवांर थाना क्षेत्र के सायर गांव निवासी पप्पू सिंह पुत्र बलराम सिंह घर के दरवाजे में लगे नीम के पेड़ में चढ़कर दुपट्टे का फन्दा बना फांसी लगाकर झूल गया। वहां मौजूद परिजनों ने आनन फानन में उसे फांसी से उतारकर कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। प्रधान प्रतिनिधि मनोज विश्वकर्मा ने बताया कि घरेलू कलह के चलते युवक दरवाजे पर खड़े नीम के पेड़ में दुपट्टे से फांसी लगाकर झूल गया था। जिसका इलाज जिला अस्पताल में जारी है।

सहकार भारती के आठवें राष्ट्रीय अधिवेशन में डॉ. संदीप सपत्नीक हुए सम्मिलित

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव

झांसी। 8वाँ राष्ट्रीय अधिवेशन सहकार भारती का अमृतसर पंजाब महाराजा रणजीत सभागार में 6 दिसंबर से 8 दिसंबर 2024 तक मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष गुजरात शंकर चौधरी के द्वारा किया गया। जिसमें सहकार भारती के गुजरात के प्रदेश अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश सहकार भारती के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, उत्तर प्रदेश महामंत्री अरविन्द दुबे, प्रदेश मंत्री व झाँसी विभाग प्रभारी सतीश कठरैया, कानपुर संभाग कानपुर विभाग सम्भाग व चित्रकूट विभाग के सभी जिलाध्यक्ष, महामंत्री, संगठन प्रमुख व महिला प्रमुख के साथ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ० संदीप सरावगी, प्रदेश महिला संयोजक सपना सरावगी, एस.एस.जी. प्रमुख गीता त्रिपाठी व प्रदेश महिला प्रमुख मीनाक्षी राय सहित कानपुर विभाग सह संयोजक नीरज त्रिपाठी, झांसी विभाग सहसंयोजक सतीश राय, कानपुर विभाग सह संयोजक नवीन गुप्ताषसभी पदाधिकारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सहकार भारती को गाँव और मोहल्लों तक पहुँचाने का संकल्प लिया वह एफ बी पीओ प्रदेश प्रमुख मनोज द्विवेदी की उपस्थिति रही। उक्त कार्यक्रम में झाँसी से उदय सोनी, प्रवीण भार्गव, संतोष गुप्ता, राजकुमार सोनी, अनिता चौरसिया, अल्पना सिंह, रुदाक्ष गुप्ता, बिभूति भूषण, धर्म सिंह कुशवाहा, राजकुमारी, नीलम सोनी, धर्मेन्द्र द्विवेदी, सुमन गोस्वामी, रेखा सोनकिया, राम निवास, प्रेम अग्रवाल, आशिष विश्वकर्मा की भी उपस्थिति रही।

जनपद के चारों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

शेष शिकायतों के लिए पुलिस व राजस्व टीमें क्षेत्र में भेजी गई

अमन लेखनी समाचार

अमेठी(ब्युरो)शासन के निदेर्शानुसार जन सामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील गौरीगंज में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, तहसील अमेठी में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता तहसील मुसाफिरखाना में अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा तथा तहसील तिलोई में संबंधित उपजिलाधिकारी ने जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आज संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील गौरीगंज में 14 शिकायतें में प्राप्त हुई जिनमें से 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया, तहसील अमेठी में 17 शिकायत में प्राप्त हुई जिनमें जिनमें से 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील तिलोई में 42 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 6 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया तथा तहसील मुसाफिरखाना में 30 शिकायत प्राप्त हुई जिनमें से 07 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीमें क्षेत्र में भेजी गई।

नेशनल हाइवे में निकली नयनाभिराम शोभायात्रा, इसी के साथ तपोभूमि में हुई शुरू

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। श्री गायत्री महायज्ञ की 68वीं वर्षगांठ के तीसरे दिन नेशनल हाईवे से होकर गायत्री तपोभूमि तक गाजे बाजे के साथ श्रीमद्भागवत कथा के लिए भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसके पश्चात विधि विधान के साथ कथा का शुभारंभ करते हुए कथा व्यास ने कहा कि इस महापुराण के श्रवण से मनुष्य को मुक्ति का मार्ग मिल जाता है। श्री गायत्री महायज्ञ के 68वीं वर्षगांठ के तीसरे दिन श्रीमद्भागवत कथा के पहले सुमेरपुर कस्बे में गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। नगर पंचायत कार्यालय के समीप से शुरू हुई कलशयात्रा हाईवे से गुजरकर तपोभूमि पहुंची। यहां मठ मंदिरों में दर्शन पूजन के बाद कथा स्थल में कथा व्यास पं. दुर्गा प्रसाद द्विवेदी ने कलश स्थापना के साथ भागवत पुराण पूजन उपरांत श्रीमद्भागवत कथा की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस कथा को मनुष्य को एक बार अवश्य श्रवण करना चाहिए। इसके सुनने के बाद मुक्ति का मार्ग प्रशस्त हो जाता है। इस मौके पर कथा के परीक्षित राघवेंद्र शरण शिवहरे, विद्या शिवहरे, अमित कुमार शिवहरे, व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू, सोनू तिवारी, अनिल पालीवाल, अनुज शिवहरे, लाला शिवहरे, सर्वेश शिवहरे, राज शिवहरे सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

11 दिसंबर 2024 को आएंगी राज्य महिला आयोग की सदस्या

कलेक्ट्रेट सभागार में पीड़ित महिलाओं की करेंगी जन सुनवाई

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुए बताया कि मिशन शक्ति फेज-5 के अन्तर्गत महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाये जाने, महिला उत्पीड़न की रोकथाम व महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम सभागार कलेक्ट्रेट हमीरपुर में पूनम द्विवेदी, सदस्य, उ०प्र० राज्य महिला आयोग लखनऊ द्वारा 11 दिसंबर 2024 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से जागरूकता शिविर/महिला जनसुनवाई एवं महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा की जानी है। अतः उक्त के दृष्टिगत उन्होंने जनपद हमीरपुर के महिला उत्पीडन से पीड़ित महिलाओं / आवेदिकाओं को सूचित किया है कि 11 दिसंबर 2024 को पूर्वान्ह 11.00 बजे डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम सभागार कलेक्ट्रेट हमीरपुर में आयोजित जागरूकता शिविर में उपस्थित होकर महिला उत्पीड़न के सम्बन्ध में पूनम द्विवेदी, सदस्य उ०प्र० राज्य महिला आयोग के समक्ष उपस्थित होकर अपनी समस्या से अवगत करा सकते हैं। महिला आयोग की सदस्य जनसुनवाई के अलावा महिला बंदी गृह/कारागार एवं आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण करेंगी।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

हिंदी में भी 'पुष्पा 2' ने की रिकॉर्ड तोड़ कमाई

नई दिल्ली। 'पुष्पा 2' ने पहले दिन भारत में 165 करोड़ की ओपनिंग हासिल की है। जबकि तेलुगू में फिल्म एक दिन पहले रिलीज की गई थी तो 10.1 करोड़ की कमाई फिल्म ने की। इसके बाद भारत में पुष्पा 2 की कमाई 175.1 करोड़ हो गया है, जिसमें 95.1 करोड़ तेलुगू में, 67 करोड़ हिंदी में, 7 करोड़ तमिल में, कन्नड़ में 1 करोड़ और मलयालम में 5 करोड़ की कमाई फिल्म ने हासिल की है। 'पुष्पा 2' 2024 की मचअवेटेड फिल्मों में से एक है, जिसकी चर्चा काफी समय से थी। बॉक्स ऑफिस पर भी पुष्पा की गूंज ओपनिंग डे के कलेक्शन के साथ सुनने को मिली है, जो कि केवल तेलुगू ही नहीं, बल्कि हिंदी में भी रिकॉर्ड बनाते हुए दिख रही है। इतना ही नहीं, जवान को पछाड़ते हुए 'पुष्पा 2' अब तक की सबसे बड़ी ओपनर करने वाली फिल्म बन गई है।

लाइफ Style

तमन्ना

जिमी शेरगिल पर मर मिटी थीं

हाल ही में सिकंदर का मुकद्दर का एक इंटरव्यू हुआ, जिस दौरान फिल्म के हीरो जिमी शेरगिल, अविनाश तिवारी और तमन्ना भाटिया ने खुलकर बातचीत की। इस दौरान तमन्ना ने अपने उस क्रश का नाम बताया, जिसे वह कॉलेज के दिनों पर देखकर मर मिटी थीं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कथित तौर पर तमन्ना अभिनेता विजय वर्मा को डेट कर रही हैं। दोनों को अक्सर कई पब्लिक प्लेस पर एक साथ देखा जा चुका है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इस इंटरव्यू के दौरान तमन्ना भाटिया ने सबसे पहले खुलासा किया कि एक समय था जब उन्हें जिमी शेरगिल पर क्रश था, जब उनसे पूछा गया कि वह उनके बारे में कैसा महसूस करती हैं, तो लस्ट स्टोरीज 2 की अभिनेत्री तमन्ना ने स्वीकार किया कि उन्हें फिल्म मोहब्बतें में उनसे प्यार हो गया था। तमन्ना ने कहा, 'वह निश्चित तौर पर एक क्रश मोमेंट था।' तमन्ना की इन बातों पर अविनाश तिवारी ने कहा कि लोग कहते हैं कि उन्हें जिमी पर क्रश था, लेकिन आज भी, उन्हें दुनिया भर के अपने प्रशंसकों से प्यार मिल रहा है। आगे तमन्ना ने जिम्मी के लिए मन की बात कहते हुए कहा, उनके करियर में जिस तरह की बहुमुखी प्रतिभा थी, वह बहुत कम लोगों में थी। उन्होंने यह भी बताया कि वह उनकी सभी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार करती हैं क्योंकि उनमें तेज और विकास की भावना दिखती है। तमन्ना ने आगे कहा कि वह सिकंदर का मुकद्दर में काम करने से पहले टॉम, डिक और हैरी अभिनेता से कभी नहीं मिली थीं। तमन्ना ने खुलासा किया कि सेट पर पहली बार मिलने पर उनके सह-कलाकार ने उन्हें डरा दिया था। तमन्ना ने कहा, 'वह एक पुलिस वाले की भूमिका निभा रहे हैं। मुझे नहीं पता था कि उन्हें 'हैलो' कैसे कहूं।' जिमी ने उन्हें बीच में टोकते हुए कहा कि उन्होंने उन्हें 'हैलो' कहा था और उन्हें उनके अभिवादन का जवाब देने में काफी समय लग गया।

हॉलीवुड मसाला

एंबर हर्ड दूसरी बार बनेंगी मां

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड स्टार जॉनी डेप की एक्स वाइफ एंबर हर्ड के घर जल्द ही दूसरे बच्चे की किलकारियां गूंजने वाली हैं। 38 साल की एक्ट्रेस को 'एक्वामैन' फिल्म में उनके किरदार के लिए जाना जाता है। जॉनी डेप से तलाक के बाद वो स्पेन में अपने पहले बच्चे के साथ रह रही हैं। एंबर अपने और पहले बच्चे के लिए खुश हैं।' एंबर अप्रैल 2021 में मां बनी थीं। उनके पहले बच्चे का जन्म सरोगेसी से हुआ था। जॉनी डेप से तलाक के बाद एंबर हर्ड ने इंस्टाग्राम पर अपने बच्चे के आने की खुशी शेयर की थी। इसमें बताया गया था, 'चार साल पहले मैंने फैसला किया कि मैं एक बच्चा चाहती हूं।



टॉम क्रूज की बेटी सूरी रातोंरात बनीं अमीर

लॉस एंजिल्स। टॉम क्रूज और केटी होम्स की बेटी सूरी क्रूज अब 18 साल की हो चुकी हैं और रातोंरात वो मिलियेनियर बन चुकी हैं। इस साल की शुरुआत में 18वें साल में एंटर कर चुकी सूरी ने अपनी इंडिपेंडेंसी की तरफ पहला कदम बढ़ाया है। दरअसल, अब उन्हें अपने माता-पिता के उस करोड़ों के ट्रस्ट फंड को एक्सेस करने का अधिकार मिल चुका है जो टॉम क्रूज और केटी होम्स डिवॉर्स सेटलमेंट का हिस्सा है। टॉम क्रूज की बेटी ने कॉलेज जाना शुरू कर दिया है और इसी के साथ वह अब मिलियेनियर बन चुकी हैं। हालांकि, सूरी को पैरेंट्स के ट्रस्ट फंड में से अभी पूरे पैसे एक्सेस करने का अधिकार नहीं है। अभी उन्हें शुरुआती अमाउंट मिले हैं और बाकी का अमाउंट उन्हें तब मिलेगा जब वो 30 की हो जाएंगी।

ऐश्वर्या अपनी मां और अभिषेक संग दिखीं

मुंबई। ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है। इन दोनों के अलगाव की अफवाह अब झूठी साबित होती हुई नजर आ रही है। दरअसल, गुरुवार की रात को एक हाई प्रोफाइल पार्टी में दोनों को साथ देखा गया। इस पार्टी की इनकी तस्वीर भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। पार्टी की जो फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, उसमें ऐश्वर्या राय आनी मां बृंदा राय और पति अभिषेक बच्चन के साथ दिख रही हैं। लंबे समय बाद अभिषेक और ऐश्वर्या किसी पब्लिक इंवेट या पार्टी में नजर आए हैं। दोनों के साथ नजर आने से इनके तलाक की खबरों को अब पूरी तरह से विराम लग गया है। ऐश्वर्या और अभिषेक की वायरल फोटो अनु रंजन ने भी अपने इंस्टाग्राम पेज पर कुछ देर पहले शेयर की है। अनु 'द इंडियन टेलीविजन एकेडमी' की फाउंडर हैं।

तीन पौराणिक किरदारों में आएंगे नजर

नई दिल्ली। विक्की कौशल छावा में छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में नजर आएंगे। वहीं, महावतार में विक्की चिरंजीवी परशुराम की भूमिका में नजर आएंगे और फिल्म अश्वत्थामा में विक्की कौशल अश्वत्थामा के किरदार में नजर आएंगे। इन तीनों ही फिल्म की आधिकारिक घोषणा की जा चुकी है। हर एक फिल्म में विक्की का किरदार अनोखा होगा। मैडॉक फिल्म्स की बहुप्रतीक्षित छावा अब 14 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। छत्रपति संभाजी महाराज के रूप में विक्की कौशल अभिनीत ऐतिहासिक फिल्म लक्ष्मण उतेकर द्वारा निर्देशित है। निर्देशक अमर कौशिक की फिल्म महावतार में विक्की कौशल चिरंजीवी परशुराम भगवान की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया जा चुका है, जिसमें विक्की के लुक की काफी प्रशंसा हुई थी।

टीवी मसाला



झगड़ों से सहम जाती हैं शालिनी, बताया कैसा लगा बिग बॉस के घर में जाकर

नई दिल्ली। रियालिटी शो 'फैबुलस लाइव्स वर्सज बॉलीवुड वाइव्स' में अपने अलग अंदाज के कारण दिल्ली की सोशलाइट शालिनी पासी इंटरनेट पर छा गई थीं। उनकी पॉपुलैरिटी काफी बढ़ चुकी है। हाल ही में वह रियालिटी शो 'बिग बॉस 18' में प्रतियोगियों का हौसला बढ़ाने के लिए पहुंचीं। बिग बॉस के घर में और प्रतियोगियों के साथ उनका अनुभव कैसा रहा, इस बारे में ही मीडिया को दिए इंटरव्यू में शालिनी पासी ने बताया। शालिनी पासी 'बिग बॉस 18' के प्रतियोगियों से मिलकर काफी खुश नजर आईं। वह कहती हैं, 'मुझे सेट पर और बिग बॉस 18' के प्रतियोगियों से खूब प्यार मिला है। सभी प्रतियोगी मुझे अच्छे लगे हैं। शुरुआत में मुझे एक-दो लोग समझ नहीं आए, लेकिन जब मैं शो से बाहर आई तो उनसे गले लगकर रो पड़ी। खासकर यामिनी शुरुआत में मुझे काफी एनर्जेटिक लगी, लेकिन जब उनसे देर रात तक बात की तो वह भी काफी अच्छी लगी। शालिनी स्वभाव से नम्रदिल की हैं। ऐसे में क्या 'बिग बॉस 18' जैसा शो उनके लिए है? यह सवाल पूछने पर वह कहती हैं, 'मुझे झगड़ों से घबरारहट होती है, लाउड म्यूजिक और झगड़े के कारण मैं काफी सहम जाती हूं। ऐसा नहीं है कि मैं मजबूत नहीं हूं लेकिन मुझे यह सब अच्छा नहीं लगता है। जब मैं 'बिग बॉस' के घर में पहुंची तो प्रतियोगियों ने कहा कि उन्हें मेरे आने से पॉजिटिव एनर्जी मिल रही है। सभी मेरे आने से खुश थे।'

अरनव-खुशी की लव स्टोरी 'इस प्यार को क्या नाम दूं' की वापसी

नई दिल्ली। इस प्यार को क्या नाम दूं एक बार फिर स्टार प्लस पर लौट रहा है, और ये फैंस के लिए पुरानी यादों को ताजा करने का मौका है। ये



आइकॉनिक शो, जिसे सालों से दर्शकों का प्यार मिला है, ने हमें अरनव सिंह रायजादा और खुशी कुमारी गुप्ता की दिल छू लेने वाली लव स्टोरी से मिलवाया था। बरुण सोबती और सनाया ईरानी द्वारा निभाए गए इन किरदारों ने एक ऐसा जादू किया, जो आज भी लोगों के दिलों में बसता है। एक दशक बाद भी, शो की यादें हमें उन इमोशंस, ड्रामा और रोमांस की याद दिलाती हैं, जिसने लाखों दिल जीते।अरनव और खुशी के रूप में बरुण और सनाया की जोड़ी आज भी उतनी ही खास है। बरुण सोबती और सनाया ईरानी के बीच की केमिस्ट्री बेमिसाल थी, और उनकी परफॉर्मेंस ने शो की सफलता में बड़ा योगदान दिया। अरनव और खुशी की लव स्टोरी दर्शकों के लिए रोमांस की मिसाल बन गई।

फिल्मों में आने के लिए परिवार से लड़ बैठीं बीना भूख हड़ताल की; मधुबाला से रहा खास कनेक्शन

नई दिल्ली। बीना अपने जमाने की शानदार अदाकारा थीं। उन्होंने एक से बढ़कर एक फिल्मों में अपने अभिनय का लोहा मनवाया। अभिनेत्री के फिल्मों में एंट्री लेने की कहानी काफी दिलचस्प है। 'जलाने वाले जलाते ही हैं चराग आखिर, ये क्या कहा कि हवा तेज है जमाने की' यह शेर 60 के दशक की अभिनेत्री बीना राय के ऊपर बिल्कुल सटीक बैठता है। उनके फिल्मों में आने की कहानी बड़ी दिलचस्प है। लोग अपनी बड़ी-बड़ी मांगे मनवाने के लिए भूख हड़ताल पर बैठते हैं, लेकिन अभिनेत्री को अभिनय से इतना प्यार था कि वह फिल्मों में काम करने के लिए भूख हड़ताल पर बैठ गईं। बीना को अनारकली (1953), घूंघट (1960), ताज महल (1963) जैसी कई शानदार फिल्मों के लिए सराहा जाता है। 13 जुलाई 1931 को बीना राय का जन्म लाहौर में हुआ। उनके पिता कृष्णा सरीन रेलवे में अधिकारी थे। अभिनेत्री ने लाहौर से ही अपनी शुरुआती पढ़ाई पूरी की। भारत-पाकिस्तान के बंटवारे के बाद

वह अपने परिवार के साथ कानपुर आकर बस गईं। इसके बाद उन्होंने भारत से ही आगे की पढ़ाई पूरी की। अभिनेत्री ने कॉलेज के दौरान ही थिएटर में हिस्सा लेना शुरू कर दिया। अपनी खूबसूरती और अदाकारी के चलते वह कॉलेज में भी काफी मशहूर हुईं।

प्रेमनाथ से मधुबाला भी करती थीं प्यार

कहा जाता है कि जब मधुबाला ने प्रेमनाथ और बीना राय की शादी की खबर सुनी तो उनकी तबियत बिगड़ गई थी। बीना राय और मधुबाला दोनों ही प्रेमनाथ से प्यार करती थीं। हालांकि, प्रेमनाथ अभिनेत्री बीना के हिस्से में आए। बीना और मधुबाला दोनों ने ही अपने करियर में 'अनारकली' की शानदार भूमिका निभाई है। साल 1953 में 'अनारकली' फिल्म रिलीज हुई। इस फिल्म में बीना राय ने अनारकली की भूमिका अदा की, जिसके लिए उन्हें खूब तारीफे मिलीं। इसके कुछ वर्षों बाद 'मुगल-ए-आजम' बनाई गई। इस फिल्म में अनारकली की भूमिका के लिए एक बार फिर बीना से संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने इसे करने से इनकार कर दिया। बाद में इस भूमिका को मधुबाला ने निभाया। यह फिल्म इतनी बड़ी हिट हुई की अब मधुबाला को 'अनारकली' के किरदार के लिए जाना जाने लगा।

सान्या मल्होत्रा-सुनिधि चौहान का गाना 'आंख' रिलीज

मुंबई। अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा ने अपने नवीनतम सिंगल 'आंख' के लिए गायिका सुनिधि चौहान के साथ मिलकर काम किया है। इस खूबसूरत ट्रैक का म्यूजिक वीडियो कुछ ही देर पहले सामने आया है और देखते ही देखते सोशल मीडिया पर छा गया है। सान्या और सुनिधि की जोड़ी लोगों को शकीरा और बेयॉन्से की याद दिला रही है। म्यूजिक वीडियो में सान्या और सुनिधि को अपने शानदार डांस मूव्स, आत्मविश्वास और बोल्डनेस से स्क्रीन पर आग लगाते हुए देखा जा सकता है। सान्या की सिजलिंग ऑन-स्क्रीन उपस्थिति के साथ सुनिधि की खूबसूरत आवाज का तालमेल इस गाने को अलग बनाता है। गाने के वीडियो में सान्या और सुनिधि बेहतरीन डांस मूव्स दिखाती नजर आ रही हैं। सान्या ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'इंतजार करने के लिए धन्यवाद। 'आंख' अब रिलीज हो गया है।' गाना सुनिधि चौहान, रुशा और ब्लिजा का है। इसे प्रतीक्षा श्रीवास्तव, अमन खरे और पौरुष कुमार ने कंपोज किया है।

'शोले' के निर्देशक ने क्यों नहीं बनाई अमिताभ की 'मजबूर'?

अमिताभ बच्चन अभिनीत 'मजबूर' 6 दिसंबर, 1974 को रिलीज हुई थीं और इस फिल्म को रिलीज हुए पूरे 50 साल हो चुके हैं। इस फिल्म से जुड़े कई दिलचस्प किस्से और तथ्य हैं, जो कुछ ही लोगों को पता होंगे। यह हॉलीवुड से प्रेरित फिल्म है। बॉलीवुड में यह फिल्म बनाने के बाद खुद भारत में कई भाषाओं में इसका रीमेक बनाया गया।

'कोल्ड स्वेट' की कॉपी थी फिल्म!

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'मजबूर' का निर्देशन बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन के पिता रवि टंडन ने किया था। 1973 में आई जंजीर के बाद 'मजबूर' सलीम-जावेद और अमिताभ बच्चन के बीच दूसरी फिल्म थी। इसके बाद 1975 में 'दीवार' आई। सलीम-जावेद ने अमिताभ बच्चन को तीनों फिल्मों के जरिए तीन अलग-अलग किरदार दिए। 'मजबूर' की कहानी एक अमेरिकी फिल्म पर आधारित होने की अफवाह थी। अवधारणा यह थी कि कहानी का नायक यानी अमिताभ बच्चन अपनी विधवा मां, विकलांग बहन और छोटे भाई के बहुत करीब है और उनकी देखभाल करना अभिनेता की जिम्मेदारी है, लेकिन उसे ब्रेन ट्यूमर हो जाता है और डॉक्टर उसे बताते हैं कि वह छह से आठ महीने से ज्यादा जिंदा नहीं रह पाएंगे।



फिल्म पर क्यों काम नहीं कर पाए रमेश सिप्पी?

फिल्म सलीम-जावेद ने लिखी थी। जब निर्देशक 'सीता और गीता' के बाद अपनी अगली फिल्म शुरू करना चाहते थे, तब लेखक जोड़ी ने मजबूर की स्क्रिप्ट रमेश सिप्पी को सुनाई थी, लेकिन जीपी सिप्पी एक बड़ी फिल्म बनाना चाहते थे और उन्होंने 'शोले' पर काम करना शुरू कर दिया। फिर सलीम-जावेद ने निर्माता प्रेमजी को कहानी सुनाई। प्रेमजी कभी दिलीप कुमार के सचिव थे। फिर 'मजबूर' की स्क्रिप्ट रवि टंडन के पास गई और उन्होंने इसे अपने तरीके से संभाला।

हॉलीवुड फिल्म से कॉपी थीं फिल्म की कहानी?

अमिताभ बच्चन को पता चलता है कि उनकी मृत्यु के बाद अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए जल्दी से जल्दी पैसे कमाने का एकमात्र तरीका एक हत्या की जिम्मेदारी लेना है, जिससे उन्हें पांच लाख रुपए मिलेंगे। पचास साल पहले पांच लाख एक बड़ी रकम थी। वह पैसे जुटाता है, जेल जाता है, अपना ऑपरेशन करवाता है और उसे पता चलता है कि वह बीमारी से ठीक हो गया है। अब क्या? उसे पुलिस को असली कातिल तक पहुंचाने में मदद करनी है। यह अवधारणा उस समय हिट साबित हुई। उस समय फिल्म समीक्षकों ने कहा था कि 'मजबूर' का क्लाइमेक्स अमेरिकी फिल्म ओल्ड स्वेट के क्लाइमेक्स से प्रेरित था। दोनों फिल्मों के क्लाइमेक्स में लाल रंग की कार है। कैसे नायक साबित करता है कि वह असली हत्यारा नहीं है और पुलिस को असली कातिल तक पहुंचाने में मदद करता है, यह भी दोनों फिल्मों में है।

ऐसे डाला गया फिल्म की कहानी में 'प्राण'

'मजबूर' में प्राण भी थे। फिल्म में अभिनेता प्राण की एंट्री दूसरे भाग में होती है, लेकिन अभिनेता बहुत ज्यादा माइलेज लेकर चले जाते हैं। प्रेमजी को फिल्म के दूसरे भाग में प्राण के महत्वपूर्ण किरदार को पेश करने में संदेह था, लेकिन प्राण को कैसे पेश किया जाए? सलीम-जावेद ने उन्हें 'माइकल दारू पी के दंगा करता है' गाने की सिचुएशन दी। फिल्म में माइकल उर्फ प्राण का अपनी आंखों के सामने हाथ रखने और देखने का एक अनोखा अंदाज है। यह अंदाज रवि टंडन का था जो चीजों को ऐसे ही देखते थे। वह गाना एक बड़ा हिट साबित हुआ।

परवीन के साथ अमिताभ की पहली फिल्म

'मजबूर' अमिताभ बच्चन और परवीन बॉबी की पहली साथ में फिल्म थी। बाद में इस जोड़ी ने कई फिल्में साथ में कीं। फिल्म रिलीज होने के अगले दस वर्षों में 'मजबूर' को तमिल, तेलुगु, गुजराती और दूसरी भाषाओं में रीमेक किया गया। मजबूर एक म्यूजिकल हिट थी। यह सलीम-जावेद और अमिताभ बच्चन की जोड़ी की एक अलग कॉन्सेप्ट वाली फिल्म है।